



• नई दिल्ली। शनिवार 21 जून-2025 • वर्ष : 10 अंक : 182 पेज-08 • RNI NO. DELHI/2015/65364 • मूल्य : ₹3







# आज डिप्टी सीएम कैशव प्रसाद मौर्य गाजियाबाद में करेंगे योग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है और जिला प्रशासन गाजियाबाद द्वारा 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आईएमएस डासना में कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम कैशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

आईएमएस में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, बागपत के लोकसभा सांसद राजकुमार सांगवान, मेयर सुनीता दयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष गाजियाबाद ममता त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, एमएलसी श्रीचंद शर्मा तथा एमएलसी दिनेश गोयल इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।





## कार्यक्रम संयोजक के रूप में व्यवस्था संभालेंगे चीफ वार्डन ललित जायसवाल



**(करंट क्राइम)।** सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल हमेशा जिला प्रशासन के साथ अपने सहयोग वाले रवैये के लिये जाने जाते हैं। शासन की मंशा के अनुरूप जब भी कार्यक्रम होता है तो चीफ वार्डन ललित जायसवाल हमेशा जिला प्रशासन के साथ कदमताल करते हैं। आज जब अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है तो यहां जिला प्रशासन आयोजक है लेकिन संयोजक वाली भूमिका में सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल हैं। चीफ वार्डन ललित जायसवाल आज आईएमएस डासना में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संयोजक के रूप में सिविल डिफेंस की टीम के साथ संयोजक के रूप में व्यवस्था संभालेंगे।

## आईटीएस में भाजपा कार्यकर्ता के साथ रहेंगे डिप्टी सीएम



**(करंट क्राइम)।** डिप्टी सीएम कैशव प्रसाद मौर्य पहले आईएमएस डासना में योग दिवस पर योग करेंगे। इसके बाद वो भाजपा कार्यकताओं के साथ रहेंगे। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने ये जानकारी देते हुए बताया कि डिप्टी सीएम कैशव प्रसाद मौर्य आईएमएस के बाद सीधे आईटीएस मोहननगर आएंगे। वो यहां भाजपा कार्यकताओं के साथ रहेंगे। वो भाजपा कार्यकताओं के साथ योग पर चर्चा करेंगे, योग दिवस में भाग लेंगे और भाजपा कार्यकताओं के साथ वार्ता भी करेंगे। भाजपा संगठन ने इसके लिये पूरी तैयारी की है और कार्यकर्ता आज सुबह अपने डिप्टी सीएम का स्वागत करने के लिये मौजूद रहेंगे।

# ड्रग अवेयरनेस को लेकर समिति का गठन

## डीएडब्ल्यूएन डॉन समिति के सदस्य बने अरुण कुमार तथा संजय मुदगल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में डॉन समिति का गठन किया गया है। इसका अर्थ ये है कि ड्रग अवेयरनेस एण्ड वेलनेस नेविगेशन फोर ए ड्रग फ्री इंडिया के लिये वर्ष 2025 हेतु समिति का गठन हुआ है। इस समिति में पदेन रूप से अध्यक्ष के रूप में जिला जज होते हैं। वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष होंगे। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के रूप में नोडल अधिकारी रहेंगे।



समिति के सदस्यों के रूप में एनडीपीएस अधिनियम न्यायालय के अपर जिला जज, जिलाधिकारी गाजियाबाद, पुलिस आयुक्त गाजियाबाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद तथा तहसील विधिक समिति मोदीनगर के तहसीलदार सदस्य होंगे। इस समिति में पैनल अधिवक्ताओं के रूप में जिन्हें लिया गय है उनमें अधिवक्ता अरुण कुमार तथा पैनल अधिवक्ता संजय मुदगल के नाम हैं। वहीं पराविधिक स्वयंसेवक के रूप में अंकित त्यागी, नीलम वर्मा, रविंद्र गोस्वामी और प्रवीण कुमार सिंह को लिया गया है। ये सभी लोग समिति के सदस्य हैं। समिति की घोषणा जिला जज द्वारा की गई है।

# हिंडन एयरपोर्ट से शुरू होगी अहमदाबाद, बैंग्लोर, चैन्नई, मुंबई, पटना साहित आठ नई फ्लाइट

## 'मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने कहा- मेरा सपना अब पूरा हुआ है'

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनरल वीके सिंह गाजियाबाद से दो बार सांसद रहे हैं और अब वो मिजोरम के राज्यपाल हैं। वो भले ही मिजोरम के राज्यपाल हैं, लेकिन उनका मन गाजियाबाद में ही रमता है। उन्होंने गाजियाबाद से अपना रिश्ता बताते हुए कहा कि गाजियाबाद से केवल राजनीतिक रिश्ता नहीं है यह क्षेत्र और यहां के लोग हमेशा मेरे दिल में रहते हैं। जनरल वीके सिंह ने गाजियाबाद के लोगों को खुशखबरी देते हुए कहा कि गाजियबाद के हिंडन एयरपोर्ट से कई सुविधाएं शुरू हो रही है।

उन्होंने बताया कि इसी वर्ष 20 जुलाई से हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद से इंडिगो की फ्लाइट अहमदाबाद, बैंगलुरु, चैन्नई, इंदौर, कोलकाता, मुंबई, पटना और वाराणसी की हवाई यात्रा शुरू होने वाली है। कम समय और अच्छे यातायात के साथ अब गाजियबाद संसदीय क्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्रवासियों के लिये हिंडन एयरपोर्ट एक बेहतर विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है।






### जनरल बोले मिजोरम गया हूं, लेकिन मेरा गाजियाबाद मेरे दिल में



**(करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के पूर्व सांसद और मिजोरम के वर्तमान राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने कहा कि मैं गाजियाबाद से मिजोरम गया हूं, लेकिन मेरा गाजियाबाद हमेशा मेरे दिल में रहता है। गाजियाबाद का हर क्षेत्रवासी मेरे परिवार का सदस्य है और अपने परिवार की सुविधाओं के लिये मैं हमेशा काम करता रहूंगा। जनरल वीके सिंह ने कहा कि अबसे पहले गाजियाबाद के लोगों को इंदिरा गांधी एयरपोर्ट तक जाने में अधिक समय लगता था। इस समस्या का समाधान अथक प्रयासों से हुआ और गाजियाबाद हिंडन एयरबेस को डोमेस्टिक एयरपोर्ट में तब्दील किया गया और यहां से डोमेस्टिक उड़ान शुरू की गई। जनरल वीके सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरे विजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, तभी गाजियाबाद के लोगों को यातायात का यह शानदार-सुलभ विकल्प मिला।

## पहले शुरू हो जाती फ्लाइट अगर अफसर ना देते गलत जानकारी: अतुल गर्ग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के सांसद बनने के बाद यहां रनवे पर जहाज दौड़ने लगे हैं। उड़ान शुरू हुई है, एयरपोर्ट सलाहकार समिति का गठन हुआ और स्वयं सांसद अतुल गर्ग विधायकों और भाजपा कार्यकताओं के साथ गोवा के लिये शुरू हुई पहली उड़ान में सवार हुए। दैनिक करंट क्राइम ने नई उड़ान और जनरल वीके सिंह के विजन और उनके सपने को लेकर सांसद अतुल गर्ग से बात की। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि इसमें दो राय नहीं है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनरल वीके सिंह के संसदीय कार्यकाल के दौरान यहां एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यहां तो उड़ान पहले ही शुरू हो जाती, लेकिन कुछ अधिकारियों ने जनरल वीके सिंह को गलत सूचना दी थी कि यहां से उड़ान पर स्टे है। अतुल गर्ग ने कहा कि जब मैंने सांसद के रूप में काम शुरू किया तो मैंने सूचना देने वाले अधिकारियों से ही कागज मांगे, तब पता चला कि स्टे नहीं है। उन्होंने कहा कि 2019 में अगर यही जानकारी मिल जाती तो यहां नुकसान नहीं होता और उड़ान शुरू होती। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि पहले तो स्टे की बात पर मैंने भी यकीन कर लिया था लेकिन जब हमने कागज मांगे तो पता चला कि स्टे नहीं है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इस बात पर सहमति जताई कि जब जनरल वीके सिंह यहां सांसद थे तब यहां संबंधित अधिकारियों द्वारा स्टे होने का भ्रम फैलाया गया और 300 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। लेकिन जब मैंने सांसद के रूप में कार्य संभाला तो मैंने इसकी पूरी पड़ताल कराई और उसके बाद मैं उड्डयन मंत्री से मिला और फिर यहां से फ्लाइट शुरू हुई। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी से अभी कुछ दिन पहले मेरी फोन पर बात हुई। वो विदेश में हैं और उन्होंने मुझसे कहा कि जल्द ही आठ फ्लाइट शुरू हो जाएंगी।

## प्रयागराज और लखनऊ के लिये उड़ान शुरू कराना मेरा उद्देश्य: अतुल गर्ग

**(करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने दोहराया कि वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से ये बड़ी सौगात गाजियाबाद को मिली। उस समय यदि स्टे वाला सत्य सामने आ जाता तो यहां से उड़ान पहले ही शुरू हो जाती। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि हम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों की उड़ान को पूरा करने के लिये कृतसंकल्प हैं। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से लखनऊ और प्रयागराज के लिये फ़्लाइट शुरू कराने का है। गाजियाबाद, बागपत, नोएडा, मेरठ के लोगों को अक्सर अपने कामों के लिये प्रयागराज और लखनऊ जाना होता है। प्रयागराज में हाईकोर्ट है और लखनऊ हमारे प्रदेश की राजधानी है। मेरा उद्देश्य यहां से इन दो जनपदों के लिये फ्लाइट शुरू कराने का है। जब यहां से उड़ान शुरू होगी तो लोगों के लिये काफी सुविधा हो जाएगी।

# थाने के सामने हत्या करने वाले आरोपी मोंटी के पुलिस ने दोनों पैर में मारी गोली, फरार अजय पर 25 हजार का ईनाम

## मुरादनगर पुलिस ने 36 घंटे के अंदर किया हत्यारोपी का हाफ एनकाउंटर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण जोन अंतर्गत आने वाले मुरादनगर थाने के सामने गोली मारकर रवि नामक युवक की हत्या के मुख्य आरोपी मोंटी चौधरी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। शुक्रवार शाम हुई पुलिस मुठभेड़ में मोंटी के दोनों पैर में गोली भी लगी है। बताया जा रहा है पुलिस ने इसके फरार सहयोगी अजय पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित कर दिया है।



वहीं डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया है कि एसीपी मसूरी लिपि लगायच, देहात क्राइम टीम और थानाध्यक्ष अंकित के नेतृत्व वाली टीम ने मोंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस मोंटी से पूछताछ कर रही है। तो वहीं फरार आरोपी अजय की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिश डाली जा रही है।



### पुलिस ने 36 घंटे के अंदर आरोपी को किया गिरफ्तार

**करंट क्राइम :** मुरादनगर थाने के बाहर रवि नाम के 32 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के मामले का मुख्य आरोपी मोंटी चौधरी पुलिस की रडार पर था। पुलिस ने उसे मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। उसके दोनों पैर में गोली लगी है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि आरोपी को महक 36 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही अजय को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस पूरे मामले में जहां थानाध्यक्ष मुरादनगर अंकित कुमार चौहान तो वहीं डीसीपी ग्रामीण की क्राइम स्वाम्ट टीम के साथ ही क्राइम पर काम करने वाले एक इंस्पेक्टर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। तो वहीं पूर्व थानाध्यक्ष मुरादनगर द्वारा भी महत्वपूर्ण इनपुट जुटाया गया था।

### हत्या के बाद लोनी के बदमाश अभिषेक गुर्जर से मिलने गया था मोंटी

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि रवि की मुरादनगर थाने के बाहर हत्या करने के बाद आरोपी मोंटी बाइक लेकर लोनी के सलोनी गांव में रहने वाले अभिषेक गुर्जर नाम के बदमाश के पास भी पहुंचा था। अभिषेक गुर्जर पर भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया के ऊपर एके-47 से ताबड़तोड़ गोली चलाने का आरोप है। पुलिस ने बताया है की जेल के दौरान अभिषेक गुर्जर और मोंटी की दोस्ती हुई थी और मोंटी शरण लेने के लिए अभिषेक के पास पहुंचा था लेकिन मोंटी की तलाश में पुलिस की कई टीमें जुटी हुई थीं। इसीलिए अभिषेक ने उसे वहां से भगा दिया। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि मोंटी ने पुलिस से बचने के लिए कई खेतों में भी डेरा डाला और भागने का प्रयास किया लेकिन वह जब बाइक लेकर पुलिस को चकमा देना चाह रहा था, तो इस दौरान उसकी पुलिस से मुठभेड़ हो गई।

# सात थानाक्षेत्रों की सुरक्षा में बड़ी सहायक बनेंगी यूपी 112 की नई गाड़ियां

## दो इनोवा और पांच स्कॉर्पियो को डीसीपी सिटी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### पुलिस कमिश्नर बोले रिस्पांस टीम होगी बेहतर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस रिस्पांस व्हीकल की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। जिसके तहत लखनऊ मुख्यालय द्वारा यूपी-112 स्कीम के तहत गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को कुल 07 नए चार पहिया वाहन मुहैया कराए गए हैं। इसमें दो इनोवा गाड़ी हैं। तो पांच स्कॉर्पियो भी गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अलग-अलग थानों के लिए आवंटित की गई हैं। शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के डीसीपी सिटी जोन आईपीएस अधिकारी धवल जायसवाल, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन और यूपी-112 के प्रभारी निरीक्षक रवि बालियान की मौजूदगी में पुलिस लाइन में इन नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। जिसके बाद यह अलग-अलग थानाक्षेत्रों में यह पुलिस रिस्पांस व्हीकल के रूप में काम करेंगे।



### कमिश्नरेट की पुलिसिंग सुधारेंगे नए वाहन : सीपी



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि यूपी-112 को जो नए वाहन मिले हैं, इनके जरिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की पुलिसिंग सुधारने पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब लोगों को पहले से कम समय में रिस्पांस किया जा रहा है। साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तमाम प्रमुख घटनाओं के सिलसिले वारढंग से खुलासे किए जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नर ने जानकारी दी है कि इन 7 नए वाहनों के मिलने के बाद पुलिसकर्मियों और आम जनता दोनों को काफी सहूलियत होगी।

### इन 7 थानाक्षेत्रों में चलेंगे यह वाहन

**करंट क्राइम :** शुक्रवार को आईपीएस अधिकारी धवल जायसवाल द्वारा 07 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। इसमें मसूरी और वेव सिटी थानाक्षेत्र के लिए एक-एक इनोवा आवंटित की गई है। तो वहीं भोजपुर, क्रॉसिंग रिपब्लिक, साहिबाबाद, लोनी बॉर्डर और ट्रोनिका सिटी क्षेत्र के लिए प्रत्येक थाने को एक स्कॉर्पियो गाड़ी दी गई है। यह स्कॉर्पियो गाड़ी आधुनिक होने के साथ ही कई तरीके के एडवांस फीचर से भरपूर हैं, जो पुलिस के कंट्रोल रूम और यूपी-112 के सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करेंगी।

# झमाझम बारिश के बीच मानसून ने हिमाचल में दी दस्तक

## शिमला सहित राज्य के कुछ भागों में मानसून ने किया प्रवेश

**हिमाचल प्रदेश।** झमाझम बारिश के बीच दक्षिण-पश्चिम मानसून ने हिमाचल प्रदेश में दस्तक दे दी है। शुक्रवार को शिमला सहित राज्य के कुछ भागों में मानसून ने प्रवेश किया। इस बार सात दिन पहले मानसून ने दस्तक दी है। बीते वर्ष मानसून ने 27 जून को प्रदेश में प्रवेश किया था। प्रदेश की राजधानी सहित अन्य भागों में झमाझम बारिश हो रही है। शिमला में सुबह से घनी धुंध छाई हुई है। धुंध के कारण विजिबिलिटी काफी कम है। इससे चालकों को गाड़ियां चलाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उधर, कांगड़ा-धर्मशाला मार्ग भारी बारिश से चेतड़ू के पास भूस्खलन होने से बंद हो गया। सुबह करीब साढ़े आठ बजे से मार्ग बंद रहा। वाहनों को बाया शीला-औरा-सराह मार्ग से कांगड़ा भेजा गया। वहीं शिमला के जतोग छावनी क्षेत्र में भूस्खलन के कारण मुख्य मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। भूस्खलन की चपेट में एक गाड़ी भी आई और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।






प्रदेश में सात दिनों के लिए अलर्ट
शिमला में घनी धुंध छाई

**स्कूल परिसर में भर गया पानी, बच्चों की मुश्किलें बढ़ीं :** उधर, शहीद इंदर सिंह माध्यमिक पाठशाला पंडोह में पहली ही बरसात ने अव्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। स्कूल परिसर में बरसाती पानी भर जाने से विद्यार्थियों व शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते स्कूल का मैदान और प्रवेश द्वार जलमग्न हो गया, जिससे बच्चों का आना-जाना मुश्किल हो गया। कई विद्यार्थियों को जूते उतारकर पानी में चलकर क्लासरूम तक पहुंचना पड़ा। 2023 में आई बरसात में भी पाठशाला का यही हाल था। अभी तक 2023 में टूटी हुई चाहदीवारी नहीं लगी जिस कारण मैदान पूरा पानी में जलमग्न हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मानसून की शुरूआत में यही स्थिति बनती है लेकिन अब तक जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की गई है।

# मोदी का भुवनेश्वर में रोड शो

## प्रधानमंत्री का एक साल में ओडिशा का छठा दौरा

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में भाजपा सरकार के एक साल पूरा होने पर भुवनेश्वर में रोड शो कर रहे हैं। इसके बाद वे एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद पीएम जनता मैदान में 2036 तक विकसित ओडिशा और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए विजन डॉक्यूमेंट्स पेश करेंगे। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया, 'राज्य सरकार का गठन पिछले साल 12 जून को हुआ था। इसलिए एक साल 12 जून को पूरे हुए थे, लेकिन पीएम के बिजी शेड्यूल की वजह से कार्यक्रम 20 को रखा गया।' ओडिशा विधानसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने 147 सीटों में से 78 सीटें जीती थीं। राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। मोहन चरण माझी राज्य के 15वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पीएम का एयरपोर्ट से रोड शो पीएम का एयरपोर्ट से जनता मैदान तक रोड शो होगा। इस दौरान जगह-जगह प्रधानमंत्री के स्वागत की तैयारी की जा रही है। रोड शो के साथ तिरंगा यात्रा का भी आयोजित की गई है।




पीएम भुवनेश्वर में ढाई घंटे रहेंगे पीएम का एक साल में ओडिशा का यह छठवां दौरा है। यहां दो-ढाई घंटे रहेंगे। जनता मैदान का कार्यक्रम खत्म होने के बाद वह सीधे एयरपोर्ट जाएंगे। वहां से वह वायुसेना के विशेष विमान से बिहार रवाना हो जाएंगे। एक साल में पीएम मोदी का छठा ओडिशा दौरा राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद पीएम मोदी का एक साल में यह छठा ओडिशा दौरा है। पीएम 12 जून को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। 17 सितंबर को पीएम मोदी ने ओडिशा में सुभद्रा योजना लॉन्च की। 29 नवंबर को प्रधानमंत्री ने ओडिशा में पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में हिस्सा लिया। 8 जनवरी को भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का शुभारंभ किया। इसके बाद 27 जनवरी 2025 को पीएम मोदी ने उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया।

ओडिशा विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा ने पहली बार बहुमत के साथ जीत हासिल की थी। राज्य की 147 सीटों में से भाजपा को 78 सीटें मिलीं। वहीं, नवीन पटनायक की बीजू जनता दल को 51, कांग्रेस को 14, सीपीआई(एम) को 1 और अन्य को 3 सीटों पर जीत मिली थीं। लोकसभा चुनाव में भी पहली बार भाजपा ने यहां बड़ी जीत दर्ज की थी। राज्य की 21 सीटों में से भाजपा को 20 और कांग्रेस को एक सीट मिली।

# सीवान रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा 'संविधान को ताकत देने वाली धरती है'

**पटना।** प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के सिवान में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए 10 हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार से मिल रहे सहयोग की सराहना की और कहा कि इससे बिहार तेजी से आगे बढ़ेगा।

सिवानः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी साल में एक बार फिर से बिहार के सिवान में तोहफों की बारिश की। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए डबल इंजन सरकार प्रतिबद्ध है। आज सिवान से हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर अत्यंत प्रसन्न हूं।




पीएम मोदी सिवान के जसौली में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मंच पर राज्यपाल के अलावा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत अन्य सांसद और मंत्री और विधायक भी मौजूद थे।

**10 वर्षों में 55 हजार किमी ग्रामीण सड़कें बनी, 1.5 करोड़ को घर मिला :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- पिछले 10 वर्षों में बिहार में करीब 55 हजार किमी ग्रामीण सड़कें बनी हैं। 1.5 करोड़ से अधिक घरों को बिजली के कनेक्शन से जोड़ा गया है। 1.5 करोड़ घरों को पानी का कनेक्शन दिया गया है। 45 हजार से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर बनाए गए हैं। बिहार की प्रगति के लिए हमें ये गति लगातार बढ़ाते रहना है। आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए, आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आपको बहुत ही सतर्क रहना है।

पीएम मोदी ने कहा- समृद्ध बिहार की यात्रा पर ब्रेक लगाने के लिए तैयार बैठे लोगों को कोसों दूर रखना है। बीते एक दशक में रिकॉर्ड 25 करोड़ भारतीयों ने गरीबी को पराजित किया है। वर्ल्ड बैंक जैसी जानी-मानी संस्थाएं भारत की इस उपलब्धि की प्रशंसा कर रही हैं। भारत ने ये जो कमाल किया है, इसमें बिहार का, यहां नीतीश कुमार की सरकार का बहुत बड़ा योगदान है। बीते एक दशक में 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के घर मिल चुके हैं।

ये सिर्फ चार दीवारें नहीं हैं, उन घरों में सपने सजते हैं, उन घरों में संकल्प पलते हैं। आने वाले समय में 3 करोड़ पक्के घर और तैयार होने जा रहे हैं। सेवा के काम में मैं रुकने वाला नहीं हूं। मोदी चौन की नींद नहीं सोएगा, वो दिनरात काम करता रहेगा, आपके लिए करता रहेगा।

# कम ऑन किल मी...

## उद्धव ठाकरे ने फिल्मी अंदाज में बोला हमला




**मुंबईः** महाराष्ट्र में शिवसेना के 59वें स्थापना दिवस पर एक बार फिर से उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के बीच तल्खी झलकी। शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपने विरोधियों को ओपन चैलेंज दिया। उद्धव ठाकरे ने फिल्मी अंदाज में बोला...कम ऑन किल मी, बाद मे उन्होंने कहा कि शिवसेना को मिटाने का सपना देखने वाले खुद मिट गए हैं। उन्होंने कहा कि गद्दारों को सबक सिखाएंगे। उनका इशारा एकनाथ शिंदे की तरफ था। तो उधर शिवसेना के कार्यक्रम मे एकनाथ शिंदे भी गरजे। उन्होंने कहा कि मरे हुए को क्या मारना। उन्होंने कहा कि उनकी अगुवाई वाली पार्टी की असली शिवसेना है। महाराष्ट्र में मुंबई के बीएमसी समेत पूरे राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव दिवाली के आसपास होने की उम्मीद जताई जा रही है। बीएमसी में अभी तक उद्धव ठाकरे का कब्जा रहा है।

**क्या बोले उद्धव ठाकरे?:** उद्धव ठाकरे ने कहा कि यह शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना है। यह 59 साल पुरानी पार्टी है। हमें खत्म करने की मंशा रखने वाले खुद बर्बाद हो जाएंगे। उद्धव ने डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो वे बिना शिवसेना प्रमुख ब्रांड के लोगों के बीच जाएं। उन्हें अपनी औकात का पता चल जाएगा। उद्धव के भाषण पर कार्यकताओं ने जबरदस्त प्रतिक्रिया देते हुए जोरदार तालियां बजाईं महाराष्ट्र में निकाय चुनाव से पहले उद्धव ने अपने तूफानी भाषण से खूब तालियां बटोरीं। संजय राउत ने इस मौके पर कहा कि शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना का जन्म गुजरात के सूरत में हुआ है। ऐसे में उन्हें बाल ठाकरे की जगह पर अमित शाह की तस्वीर लगानी चाहिए।

**एकनाथ शिंदे ने किया जोरदार पलटवार**

**चर्चा में 'कम ऑन, किल मी' डॉयलॉग :** उद्धव ने फिल्मी अंदाज में शिंदे को चुनौती देते हुए कहा कि 'कम ऑन, किल मी' यानी मारने का खुला आवाहन किया। उन्होंने बॉलीवुड एक्टर नाना पाटेकर की फिल्म 'प्रहार' का जिक्र करते हुए कहा कि फिल्म में पाटेकर जब दुश्मनों से घिर जाते हैं तो 'कम ऑन किल मी' कह कर चुनौती देते हैं। मैं इसी तर्ज पर अपने दुश्मनों को ललकारता हूं, लेकिन बाद में उन्हों कहा कि मुझ पर हमला करने वाले अमिताभ बच्चन की फिल्म की तरह अपनी एम्बुलेंस साथ लेकर आएं। उद्धव ने आगे कहा कि मध्य प्रदेश सरकार में बीजेपी के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादी का बहन बता कर भारतीय सेना का अपमान किया है।

# मदुरै जा रहे इंडिगो की उड़ान में बीच हवा में तकनीकी खराबी

**नई दिल्ली।** मदुरै जाने वाली एक निजी एयरलाइन के विमान में शुक्रवार को बीच हवा में तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से उसे वापस चेन्नई लौटना पड़ा। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि करीब आधे घंटे की उड़ान के बाद इंडिगो एयरलाइंस के विमान के पायलट ने खराबी का पता लगाया और चेन्नई वापस आने और उतरने की अनुमति मांगी। इसके बाद करीब 68 यात्रियों को लेकर जा रहा विमान बाद में सुरक्षित रूप से यहां उतरा। सभी यात्रियों को विमान से उतार लिया गया।





मामले पर इंडिगो की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

**रायपुर में 40 मिनट तक फंसे रहे थे यात्री :** इससे पहले बीच बुधवार को एक अन्य घटना में दिल्ली से रायपुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ए-6313 के यात्री तकनीकी खराबी के कारण विमान के अंदर लगभग 40 मिनट तक फंसे रहे थे। दरअसल, लैंडिंग के बाद विमान का दरवाजा नहीं खुल पाया था। दोपहर 2:20 बजे रायपुर में लैंड करने वाली इस फ्लाइट में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और रायपुर की मेयर मीनल चौबे सवार थीं।

**कोच्चि से दिल्ली जा रहे इंडिगो के विमान को मिली थी बम की धमकी :** इससे पहले 17 जून को केरल के कोच्चि से दिल्ली आ रही इंडिगो के विमान 6ए-2706 की नागपुर में आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी थी। विमान को बम की धमकी मिलने के बाद एहतियातन यह कदम उठाया गया था। कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) ने बताया था कि मंगलवार को मस्कट से यहां पहुंचे (6ए-1272) और दिल्ली के लिए रवाना हुए इंडिगो के विमान (6ए-2706) को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इंडिगो के विमान के बारे में उसके आधिकारिक ईमेल आईडी पर धमकी मिली थी, जो 157 यात्रियों और छह चालक दल के सदस्यों के साथ सुबह 9.31 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। इसका दिल्ली में लैंड करने का समय दोपहर 12.35 बजे था।

# संभल हिंसा : सांसद बर्क के कहने जुटाई गई भीड़



**संभल।** जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल का मुख्य साजिशकर्ता तो पुलिस ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क और जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट को माना है। चार्जशीट में इसका उल्लेख भी किया गया है। इसके अलावा सांसद के व्यक्तिगत सहायक अब्दुल रहमान के पिता रिजवान की भूमिका भीड़ को एकत्र करने में सामने आई है। सांसद के कहने पर रिजवान ने ही फोन कर जामा मस्जिद के आसपास इलाके के साथ सरायतरीन से भीड़ को सर्वे रोकने के लिए बुलाया था। यह सभी खुलासे रिजवान की सीडीआर सामने आने के बाद हुए थे।

पुलिस ने चार्जशीट में लिखा है कि रिजवान जामा मस्जिद में इलेक्ट्रीशियन के तौर पर काम भी करता है।

पुलिस ने आगे की छानबीन की तो भीड़ एकत्र करने की पुष्टि हुई। जिन लोगों से फोन पर बातचीत हुई थी। उनकी भूमिका की जांच करने पर वह भी बवाल की साजिश में शामिल पाए गए। इन सभी 23 आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट फाइल कर दी है। इसमें कुछ गिरफ्तार किए गए हैं। जबकि कुछ को धारा 35 (3) का नोटिस दिया गया है।

चार्जशीट के अनुसार 24 नवंबर की सुबह सर्वे होगा।

# दो-तीन दिन में दिल्ली-एनसीआर में मानसून की एंट्री

**नई दिल्ली।** भारत के ज्यादातर हिस्सों में मानसून दस्तक दे चुका है। अब इसकी एंट्री दिल्ली और हरियाणा में होने जा रही है। प्री मानसून बारिश से कुछ राहत जरूर मिली है। कई राज्य बारिश से बेहाल हो गए हैं। जिससे गर्मी से लोगों को बड़ी राहत मिली है। राजधानी में कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। ऐसे में 23 जून तक लगातार झमाझम बारिश होगी। मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।




मानसून अगले दो से तीन दिनों में दिल्ली, हरियाणा पहुंचेगा। इन दिनों में बारिश के साथ ही आंधी चलने की भी संभावना है। ऐसे में अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। हालांकि, यहां मानसून की एंट्री 22-23 जून तक हो सकती है। वहीं, कुछ दिनों से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत तो जरूर मिली है, लेकिन उमस बरकरार है।

दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में 24 जून को भी मौसम खराब रह सकता है। दोनों ही दिन तेज हवाओं और गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। हालांकि, इसको लेकर किसी प्रकार का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। दोनों ही दिन हवा की स्पीड 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे देखी जाएगी। आंधी के दौरान हवा की स्पीड 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

# नया चलन : पति ने कराई पत्नी के आशिक से शादी

## खेत में दोनों तो एक साथ देख कर उठाया ये कदम, पुलिस तक पहुंचा मामला

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले में एक पति ने अपनी पत्नी की शादी अपने दोस्त से करा दिया, जो उसकी पत्नी का प्रेमी है। मामला करंडा थाना क्षेत्र के जमुआव गांव का है। जहां पर बुधवार की रात विवाहिता और प्रेमी को परिवार के लोगों और ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा था और फिर उन दोनों की शादी करा दी। उधर, प्रेमी से शादी करने के बाद विवाहिता ने खुद को बंधक बनाकर मारपीट किए जाने और छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कराया है।



करंडा थाना क्षेत्र के जमुआव गांव के रहने वाले रोहित की शादी 2023 में हुई। शादी के बाद वह अपनी पत्नी को लेकर नोएडा चला गया। जहां पर वह किसी कंपनी में काम करता और उसके ही साथ पड़ोस के गांव का रहने वाला युवक पिंटू गोंड भी काम करता था। इसी दौरान नोएडा में ही उसके घर पिंटू का आना-जाना होता था। इधर, रोहित की पत्नी की पिंटू से नजदीकियां बढ़ गईं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



● नई दिल्ली। शनिवार 21 जून-2025


दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




www.currentcrime.com दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

## योग दिवस पर नेताओं ने बनाईं अपनी योग मुद्राएं

### गंगा जल हाथ में योग




**मयंक गोयल (अध्यक्ष भाजपा) :** मेरी टिकट का कोई संयोग न बने तब तक में ये योग करूंगा।

### चुप रहे तो दुआ, कह दिया तो हुआ योग



**अजित पाल त्यागी** (विधायक) : इस योग को करने के लिए बहुत ध्यान लगाना पड़ता है। वैसे कोशिश चुप रहने की ज्यादा की जाती है।

### संस्मरण योग



**अतुल गर्ग** (सांसद) : इस योग से मैं अक्सर उन चेहरों को याद करता हूं जो जनरली मुझे अंडर एस्टीमेट किया करते थे।

### कुछ पता नहीं योग




**सुरेंद्र कुमार मुन्नी** (पूर्व विधायक) : डियर पुत्र प्रशांत कौशिक, इस योग से हम किसी भी दल में राजनीति कर सकते हैं। कुछ पता नहीं योग बड़े काम की चीज है।

### गोमती नदी योग




**सुनील शर्मा** (कैबिनेट मंत्री) : इस योग का यह फायदा है कि बिना किसी से टकराए हुए काम सौ प्रतिशत हो जाता है।

### मिठास योग



**नरेंद्र कश्यप** (मंत्री, स्वतंत्र प्रभार) : जहां हो चीनी कम वहां मौजूद हैं हम। इस योग को करने से जुबान रसगुल्ले की तरह मीठी हो जाती है। फिर मीठी-मीठी बातों से सभी काम संपन्न हो जाते हैं।

### कबीरा योगा



**दिनेश गोयल** (एमएलसी) : कबीरा बैठा कॉलेज में, मांगे सबकी खैर। न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर।

### राजमाता योग



**सुनीता दयाल** (मेयर) : राजमाता योग करना बहुत जरूरी है। इससे काफी ताकत मिलती है। ताकत मिलने से वचन मजबूत होता है। क्योंकि मेरा वचन ही मेरा शासन है।

### एक तीर दो निशाने योग



**संजीव शर्मा** (विधायक) : इस योग में बड़ी ताकत है। इससे एक साथ दो विधानसभाओं को साधा जा सकता है। जैसे शहर और साहिबाबाद।

### टक्कर योग



**नंदकिशोर गुर्जर** (विधायक) : इस योग को करने से हर मुद्दे पर टक्कर लेने की शक्ति मिलती है। फिर टक्करों से बड़े-बड़े अधिकारी जनपद से बाहर कर दिए जाते हैं।

### मस्तमौला योग



**ललित जायसवाल** : मस्त बहारों का मैं शौकीन, मैं जो चाहे यार करूं। चाहे गुलों के साथ खेलूं, चाहे कुदरत से प्यार करूं। सारा जहां है मेरे लिए....मेरे लिए...।

### नाईस मैन योग



**संजीव गुप्ता :** किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार। किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार। किसी के वास्ते हो तेरे दिल में प्यार। जीना इसी का नाम है।

### बिरादरी जुनून योग




**प्रशांत चौधरी** (पूर्व विधायक) : इस योग को करके मुझे बस कैसे ही अपनी संपूर्ण गुर्जर बिरादरी को एकजुट करना है। गुर्जर भवन जल्दी बनाना है। समाज के लिए कुछ करके दिखाना है।

### सामाजिकता योग



**अनिल अग्रवाल** (पूर्व रा.स.) : लोगों से इतना मिलूंगा। इतना अपनापन दिखाऊंगा कि इस बार भंवरे का खिलाया हुआ फूल कोई राजकुंवर न ले जा पाएगा।

### दिशा योग



**विभू बंसल** : पता नहीं क्यों मेरे दिशा योग बार-बार शहर की ओर घूम जाते हैं।

### शहर विधानसभा योग




**विशाल वर्मा** : रिजर्व कोटे में मेरा टिकट। नो कट-कट।

प्रस्तुति : दीपक भाटी  कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

## संपादकीय

# ‘योग से स्वस्थ जीवन’

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में अपनी लोकप्रियता हासिल करता जा रहा है। 12 वर्ष पहले इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया को योग दिवस मनाने का संदेश दिया था,जिसे पूरी दुनिया में सराहा और स्वीकारा गया। योग दिवस के जनक भारत में भी इस दिन योग की शुरूआत सूरज की पहली किरण के साथ एक अनोखे उत्साह से होती है। सरकारी से लेकर तमाम सामाजिक संगठनों द्वारा पूरे देश में योग के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी कैबिनेट के सदस्यों से लेकर राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और तमाम मंत्री,नेता,अभिनेता,खिलाड़ी, बुद्धिजीवी इन कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। भाग दौड़ की इस जिंदगी में शारीरिक व्ययाम जब पीछे छूटता जा रहा है ऐसे में योग दिवस शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिये एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाने वाला यह दिन केवल शारीरिक व्यायाम का प्रतीक नहीं, बल्कि मानव जीवन को संतुलित करने की एक गहरी कला का उत्सव है। बीते वर्ष 21 जून की सुबह की ठंडी हवा में, जब दिल्ली के इंडिया गेट पर हजारों लोग योग के लिए एकत्र हुए, तो वह दृश्य किसी सांस्कृतिक उत्सव से कम नहीं था। रंग-बिरंगे योग मैट, अलग-अलग उम्र के लोग, और एक सामूहिक ऊर्जा ने वातावरण को जीवंत कर दिया। यह केवल एक दिन की बात नहीं थी; यह एक वैश्विक आंदोलन का हिस्सा था, जो भारत की प्राचीन परंपरा को दुनिया के कोने-कोने तक ले गया। इस बार भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिलने वाला है। योग, जो कभी भारतीय ऋषि-मुनियों की तपस्या का हिस्सा था, आज एक वैज्ञानिक और समग्र जीवन शैली के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। इसकी जड़ें हजारों साल पुरानी हैं, फिर भी यह आधुनिक जीवन की जटिलताओं के लिए उतना ही प्रासंगिक है। 21 जून को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने का प्रस्ताव जब भारत ने 2014 में रखा, तो इसे 177 देशों का समर्थन मिला। यह केवल एक राजनयिक जीत नहीं थी, बल्कि मानवता के लिए एक साझा दृष्टिकोण था। योग का अर्थ केवल आसन या शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है; यह मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने की कला है।

इस दिन दिल्ली के अलावा देश के कोने-कोने में और दुनिया के विभिन्न शहरों में लोग योग के लिए एकत्र होते हैं। स्कूलों में बच्चे, कार्यालयों में कर्मचारी, और गांवों में किसान, सभी ने अपने-अपने तरीके से इस दिन को मनाते हैं। गौरतलब हो, योग की यह सार्वभौमिक स्वीकार्यता इसके लचीलेपन और समावेशी स्वभाव को दशार्ती है। एक तरफ जहां युवा सूर्य नमस्कार के गतिशील आसनों में ऊर्जा पाते हैं, वहीं वरिष्ठ नागरिक प्राणायाम और ध्यान में शांति तलाशते हैं। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो उम्र, लिंग, या सामाजिक स्थिति की सीमाओं को तोड़ती है, लेकिन योग दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं है; यह एक गहरे विश्लेषण की मांग करता है। आधुनिक जीवनशैली में तनाव, चिंता, और शारीरिक रोगों की बढ़ती संख्या ने योग को और भी जरूरी बना दिया है।

# स्विस बैंक में पैसा जमा करने से बच रहे भारतीय 10 साल में आई 18 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** स्विस नेशनल बैंक के आंकड़ों में बताया गया कि भारतीयों की जमा राशि में कोविड-19 के दौरान इजाफा हुआ था। तब बैंक में भारतीयों की 602 मिलियन स्विस फ्रैंक रकम जमा थी। महामारी के बाद जमा राशि में गिरावट शुरू हो गई। आइए जानते हैं अब भारतीयों का कितना पैसा स्विस बैंक में जमा है?



स्विस बैंक में पैसा जमा करने से भारतीयों का मोहभंग होता जा रहा है। स्विस बैंक में भारत के लोग अब अपनी रकम कम जमा कर रहे हैं। स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) के आंकड़ों के मुताबिक 10 साल में बैंक में भारतीयों की ओर से पैसा जमा करने में 18 फीसदी गिरावट आई है। डाटा में बताया गया है कि 2015 में बैंक में भारतीयों की जमा रकम लगभग 425 मिलियन स्विस फ्रैंक थी। जो 2024 में 346 मिलियन स्विस फ्रैंक हो गई।

स्विस नेशनल बैंक के आंकड़ों में बताया गया कि भारतीय जमा राशि में कोविड-19 के दौरान इजाफा हुआ था। तब बैंक में भारतीयों की 602 मिलियन स्विस फ्रैंक रकम जमा थी। जो 10 साल के उच्च स्तर को छू गई थी। महामारी के बाद जमा में गिरावट शुरू हो गई। 2023 में यहां भारतीयों की 309 मिलियन स्विस फ्रैंक रकम जमा थी, लेकिन 2024 में 37 मिलियन स्विस फ्रैंक बढ़कर 346 मिलियन स्विस फ्रैंक तक पहुंच गई।

### अन्य देशों की जमा रकम में भी आई गिरावट

भारत के साथ ही अन्य देशों की जमा रकम में भी गिरावट आई है। उदाहरण के लिए यूके के नागरिकों की जमा राशि 2015 में 44 बिलियन स्विस फ्रैंक से घटकर 2024 में 31 बिलियन स्विस फ्रैंक हो गई। जबकि चीनी जमा राशि में भी गिरावट रही। जो 5.01 बिलियन स्विस फ्रैंक से घटकर 4.3 बिलियन स्विस फ्रैंक हो गई। भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिकों की जमा रकम में भी गिरावट आई। आंकड़ों के अनुसार 2015 में पाकिस्तानियों की जमा राशि 947 मिलियन स्विस फ्रैंक थी, जो 2024 तक 241 मिलियन स्विस फ्रैंक तक गिर गई। बांग्लादेशी नागरिकों की जमा राशि भी कम हुई है। सऊदी अरब की जमाराशि 10 साल की अवधि के दौरान लगभग आधी हो गई। यह 2015 में 8.3 बिलियन स्विस फ्रैंक से गिरकर 2024 में 4.8 बिलियन स्विस फ्रैंक हो गई।

### अमेरिकी नागरिकों की जमा राशि भी हुई कम

सबसे ज्यादा गिरावट अमेरिकी नागरिकों की ओर से जमा राशि में देखी गई। स्विस बैंकों में उनकी जमाराशि 2015 में 64.2 बिलियन स्विस फ्रैंक से 2024 में 24.4 बिलियन स्विस फ्रैंक तक गिर गई, जो लगभग 62 प्रतिशत की गिरावट है। यह गिरावट स्विस बैंकों में विदेशी जमा राशि में कमी की प्रवृत्ति को दशार्ती है। कड़े नियमन, बढ़ी हुई जांच और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय पारदर्शिता मानदंडों में बदलाव के कारण ऐसा हो सकता है।

# चीन-यूएस के बाद बिजली उत्पादन में दुनिया में सबसे आगे निकला भारत

**नईदिल्ली।** भारत अब बिजली उत्पादन में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। उत्पादन वृद्धि में अब सिर्फ अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं। आईईए की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए खासतौर पर सौर ऊर्जा में बड़ा निवेश हुआ, जिससे स्वच्छ ऊर्जा का योगदान 83% तक पहुंचा। भारत पिछले पांच वर्षों में बिजली उत्पादन क्षमता के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। बिजली उत्पादन वृद्धि में अब सिर्फ अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में कई कारणों से बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। इनमें वाणिज्यिक एवं आवासीय स्थानों का विस्तार, एयर कंडीशनर (एसी) व अन्य घरेलू उपकरणों के इस्तेमाल में वृद्धि और उद्योगों की बढ़ती मांग शामिल है। इस मांग को पूरा करने के लिए भारत में सभी ऊर्जा स्त्रोतों से बिजली उत्पादन बढ़ाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली उत्पादन के इस विस्तार का प्रमुख चालक अक्षय ऊर्जा की ओर मजबूत झुकाव है, क्योंकि स्वच्छ ऊर्जा और विशेष रूप से सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) परियोजनाओं में बड़े स्तर पर निवेश किया गया है।



### निवेश बढ़ाने में सरकारी नीतियों की बड़ी भूमिका

भारत के बिजली क्षेत्र में विदेशी निवेश बढ़ाने में सरकारी नीतियों का अहम योगदान है, जो बिजली उत्पादन (परमाणु ऊर्जा को छोड़कर) और ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे से जुड़े सभी क्षेत्रों में 100 फीसदी एफडीआई की अनुमति देती है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत के ऊर्जा क्षेत्र में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में पिछले दो वर्षों में गिरावट देखी गई है। इस गिरावट का कारण व्यापक आर्थिक और क्षेत्र आधारित चुनौतियों का मिश्रण है। हालांकि, भारत के बिजली क्षेत्र में दीर्घकालिक रुझान सकारात्मक बना हुआ है।

### स्वच्छ ऊर्जा के लिए मिला सर्वाधिक फंड

आईईए ने रिपोर्ट में दावा किया कि भारत 2024 में स्वच्छ ऊर्जा के लिए विकास वित्त संस्थान (डीएफआई) से मिलने वाली फंडिंग का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता था। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भारत को करीब 2.4 अरब डॉलर मिले। भारत के बिजली क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) लगातार बढ़ रहा है, जो 2023 में 5 अरब डॉलर पहुंच गया। यह कोविड-19 महामारी से पूर्व के निवेश से लगभग दोगुना है।

# शिवसुब्रमण्यम बने पीएफआरडीए के नए अध्यक्ष

## बांग्लादेश को एडीबी और विश्व बैंक से 2.14 अरब डॉलर की मदद

**नई दिल्ली।** शिवसुब्रमण्यम रमण ने शुक्रवार को पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। भारत सरकार ने उन्हें पांच साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया है। इनसे पहले दीपक मोहंती पीएफआरडीए के अध्यक्ष थे।

### रमण ने संभाले कई महत्वपूर्ण पद

रमण 1991 बैच से भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा (आईएएंडएएस) के अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। पीएफआरडीए में शामिल होने से पहले, उन्होंने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय में उप नियंत्रक और महालेखा परीक्षक और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी के रूप में कार्य किया।

इसके अलावा वे भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा लिमिटेड (एनईएसएल) के प्रबंध निदेशक और झारखंड के प्रधान महालेखाकार सहित कई नेतृत्व पदों पर कार्य किया है। उन्होंने 2006 से 2013 तक मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) और उसके बाद भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में कार्यकारी निदेशक के पद पर भी कार्य किया।


### बांग्लादेश को एडीबी और विश्व बैंक से मिला 2.14 अरब डॉलर का कर्ज

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बांग्लादेश को 1.5 अरब डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। यह कर्ज बांग्लादेश को अपने बैंकिंग क्षेत्र में सुधार, जलवायु परिवर्तन से निपटने और अन्य परियोजनाओं में मदद के लिए दी जा रही है। इसके अलावा गुरुवार को विश्व बैंक ने बांग्लादेश में गैस आपूर्ति बढ़ाने और वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से दो परियोजनाओं के लिए 640 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मंजूरी दी। एडीबी और विश्व बैंक की मंजूरी के साथ, बांग्लादेश को 2.14 अरब डॉलर की मदद मिलेगी।



### बाजार पर लौटा निवेशकों का भरोसा, सेंसेक्स ने लगाई 1000 अंकों की छलांग, निफ्टी 25000 के पार

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1046.30 अंक उछलकर 82,408.17 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 319.15 अंक बढ़कर 25,112.40 अंक पर आ गया। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को भारतीय बाजार गुलजार रहा। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से अधिक का उछाल आया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1046.30 अंक या 1.29 प्रतिशत उछलकर 82,408.17 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 319.15 अंक या 1.29 प्रतिशत बढ़कर 25,112.40 अंक पर आ गया।



## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

सास – दामाद जी, कब वापस जा रहे हो?
दामाद – क्यों?
सास – बहुत दिन हो गए...
दामाद – आपकी बेटी तो दस-दस महीने मेरे यहां रह रही है, मैंने तो जाने को नहीं बोला...
सास – दामाद जी, वो तो आपके यहां ब्याही गई है न...
दामाद – और मैं क्या यहां अपहरण करके लाया गया हूं?

---

मास्टर जी क्लास में आए तो चिटूं हल्ला मचा रहा था। तो मास्टर जी ने चिंटू को उठाया और उससे मुहावरे पूछने लगे
मास्टर जी– इस मुहावरे का अर्थ बताओ सांप की दुम पर पैर रखना।
चिंटू– पत्नी को मायके जाने से रोकना।
अब मास्टर जी ये नहीं समझ पा रहे थे कि इस बच्चे को बाहर निकालूं या क्लास का मॉनिटर बनाऊं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय ‘करंट क्राइम’ बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# यशस्वी जायसवाल ने 96 गेंदों पर पूरा किया अर्धशतक, भारत का स्कोर 130 रन के पार



**भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 96 गेंदों पर अर्धशतक जड़ दिया है। यशस्वी ने केएल राहुल के साथ भारत को अच्छी शुरूआत दिलाई और अब पचासा लगाने में सफल रहे। भारत का स्कोर 130 रन के पार पहुंच गया है**

**लीड्स ।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में भारत ने 100 रन पूरे कर लिए हैं। भारत के लिए यशस्वी जायसवाल क्रीज पर टिके हुए हैं और उनका साथ देने के लिए शुभमन गिल उतरे हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच पहले दिन के दूसरे सत्र का खेल शुरू हो चुका है। क्रीज पर यशस्वी जायसवाल के साथ कप्तान शुभमन गिल मौजूद हैं। शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे हैं। भारत ने लंच ब्रेक से पहले केएल राहुल और साई सुदर्शन के रूप में दो विकेट गंवा दिए थे।

भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन लंच तक दो विकेट गंवा दिए हैं। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने भारतीय टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई थी और पहले विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की थी। इस साझेदारी को ब्रायडन कार्स ने केएल को आउट कर तोड़ा। राहुल के आउट होने के बाद साई सुदर्शन क्रीज पर उतरे। सुदर्शन ने इस मैच से डेब्यू किया है, लेकिन पहली पारी में वह असफल रहे और खाता खोले बिना आउट हुए। भारत ने लंच ब्रेक तक दो विकेट पर 92 रन बनाए हैं। फिलहाल यशस्वी जायसवाल 74 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 42 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड के लिए अब तक कार्स और स्टोक्स ने एक-एक सफलता हासिल की है।

अच्छी शुरूआत के बाद भारत को एक रन के अंतराल पर दूसरा झटका लग गया है। पहले केएल राहुल पवेलियन लौटे और अब डेब्यू मैच खेल रहे साई सुदर्शन खाता खोले बिना आउट हुए। बेन स्टोक्स की गेंद पर सुदर्शन विकेट के पीछे कैच थमा बैठे।

भारतीय टीम को केएल राहुल के रूप में पहला झटका लगा है। यशस्वी और राहुल के बीच अच्छी साझेदारी पनप रही थी और दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़ लिए थे, लेकिन ब्रायन कार्स ने केएल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा और इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। राहुल अर्धशतक लगाने के करीब थी, लेकिन 78 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 42 रन बनाकर आउट हो गए। अब क्रीज पर साई सुदर्शन उतरे हैं।

# भारत के दो पूर्व कोच, दोनों की कप्तान गिल को लेकर अलग राय



**लंदन ।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत से एक दिन पहले कप्तान शुभमन गिल को लेकर भारत के दो पूर्व कोच का बयान सामने आया है। दोनों ने ही गिल को लेकर अलग-अलग राय रखी है। टीम इंडिया को विश्व चैंपियन बना चुके पूर्व कोच गैरी कर्स्टन ने गिल का समर्थन करते हुए कहा है कि बतौर कप्तान यह खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार है। वहीं, पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि गिल के सामने इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में टीम की अगुआई करने की कड़ी चुनौती है और इस चुनौतीपूर्ण दौरे पर सफल होने के लिए उन्हें काफी धैर्य दिखाना होगा।

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत से एक दिन पहले कप्तान शुभमन गिल को लेकर भारत के दो पूर्व कोच का बयान सामने आया है। दोनों ने ही गिल को लेकर अलग-अलग राय रखी है। टीम इंडिया को विश्व चैंपियन बना चुके पूर्व कोच गैरी कर्स्टन ने गिल का समर्थन करते हुए कहा है कि बतौर कप्तान यह खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार है। वहीं, पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि गिल के सामने इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में टीम की अगुआई करने की कड़ी चुनौती है और इस चुनौतीपूर्ण दौरे पर सफल होने के लिए उन्हें काफी धैर्य दिखाना होगा।



# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम स्थल का जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया निरीक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्स कैंपस, डासना, एचएन-9, गाजियाबाद में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के मद्देनजर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आईएएस अयान जैन (ट्रेनी), एडीएम सिटी विकास कश्यप, डीडीओ श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन, अशोक राणा, ललित जायसवाल, अनिल अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं आईएमएस संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्थाओं की समीक्षा हुई

**करंट क्राइम।** निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आयोजन के दौरान सुरक्षा और जन-सुविधाओं की व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही उन्होंने जनपदवासियों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में योग दिवस कार्यक्रमों में भाग लें और योग से लाभान्वित हों।

## योग दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**करंट क्राइम।** गौरतलब है कि इस अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति प्रस्तावित है। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग (गाजियाबाद), सांसद राजकुमार सांगवान (बागपत), महापौर सुनीता दयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, विधायकगण संजीव शर्मा, मंजू शिवाच, नंदकिशोर गुर्जर, अजीत पाल त्यागी, धर्मेश तोमर तथा विधान परिषद सदस्यगण श्रीचंद शर्मा, धर्मेन्द्र भारद्वाज और दिनेश गोयल की गरिमामयी उपस्थिति भी प्रस्तावित है।

# देश का युवा राष्ट्रीय निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा : राजू पांचाल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोदी सरकार के 11 साल 9 जून को पूरे हो गए हैं। इससे पहले केंद्र सरकार ने ई-बुक जारी कर 11 सालों की उपलब्धियां गिनाई हैं। इसे 'विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल' नाम दिया गया है। पिछले 11 वर्षों में हमारी सरकार ने युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। नई शिक्षा नीति के साथ कौशल विकास और स्टार्टअप्स पर फोकस से हमारे युवा 'विकसित भारत' के संकल्प के अहम भागीदार बने हैं। ये हमारे लिए अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि आज देश का युवा राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में चला हस्ताक्षर अभियान






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम गाजियाबाद के द्वारा बेतहाशा बढ़ाए गए हाउस टैक्स के विरोध में कैलाश नगर केला भट्टा के तीनों वार्डों में हस्ताक्षर अभियान का दिन था लेकिन केला भट्टा में केवल दो से तीन चौराहे पर और मरकज मस्जिद और ईद गाह मस्जिद पर ही हस्ताक्षर अभियान हो पाए। बहुत बड़ी तादाद में लोगों ने हस्ताक्षर किए। उम्मीद थी कि पूरे केला भट्टा को कवर कर लेंगे लेकिन हमें लगता है जिस तरीके से हस्ताक्षर अभियान को लोग समर्थन कर रहे हैं और बड़ी तादाद में आकर हस्ताक्षर कर रहे हैं हमेंअगले दो दिन और भट्टा इस्लामनगर में हस्ताक्षर करने पड़ेंगे। बड़ी तादाद में हस्ताक्षर कर रहे सभी लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद आभार।

# कर्नाटक के साथी खिलाड़ी राहुल और प्रसिद्ध के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हैं करुण




**लीड्स ।** सात साल बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने को लेकर उत्साहित हैं। राहुल और प्रसिद्ध करुण के बचपन के साथी हैं और तीनों कर्नाटक के लिए एकसाथ क्रिकेट भी खेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें सहज रहने में मदद मिलेगी। करुण मिले मौके का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज करुण के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करने का मौका है। वह कई साल पहले टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने थे। नायर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर जारी किए गए वीडियो में कहा, 'मैं चीजों को बहुत सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं, हमेशा सकारात्मक चीजों के बारे में सोचता हूं, मन में कुछ लक्ष्य रखता हूं, चीजों की कल्पना करता हूं और जो कल्पना करता हूं उस पर पूरा विश्वास रखता हूं।' उन्होंने कहा, 'राहुल और प्रसिद्ध के साथ खेलना भी बहुत सुकून देने वाला है। हम बचपन से एक दूसरे के साथ खेलते रहे हैं।' करुण और राहुल दोनों की उम्र 33 साल है। वे एक साथ आयु वर्ग क्रिकेट खेल चुके हैं और तब से घनिष्ठ मित्र हैं। जीवन अपना एक चक्र पूरा कर चुका है, क्योंकि मैं इंग्लैंड में टीम से बाहर हो गया था और अब मैं इंग्लैंड में टीम में वापसी कर रहा हूं। मैं लंबे समय तक टीम से बाहर रहा और इसे मैं आत्मसात करता हूं।'

उन्हें 2017 में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने कहा, 'टीम से बाहर होने के बाद जब मैं अगली सुबह उठा तो मेरे मन में पहला विचार यही आया।

# डेब्यू टेस्ट की पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाए सुदर्शन



**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन डेब्यू मुकाबले में प्रभावित नहीं कर सके। वह खाता भी नहीं खोल पाए और आउट हो गए। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स में खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। डेब्यू टेस्ट में फ्लॉप रहे सुदर्शन 21 वर्षीय साई सुदर्शन टेस्ट में डेब्यू करने वाले 317वें खिलाड़ी हैं। शुक्रवार को वह बल्लेबाजी के लिए नंबर तीन पर उतरे। हालांकि, वह प्रभावित नहीं कर पाए। उन्होंने कुल चार गेंदें खेलीं, लेकिन खाता भी नहीं खोल सके। उन्हें लंच से पहले बेन स्टोक्स ने विकेटकीपर जेमी स्मिथ के हाथों कैच आउट कराया। इसी के साथ तमिलनाडु का यह बल्लेबाज अश्विन और ऋद्धिमान साहा के अनचाहे क्लब में शामिल हो गया। इस अनचाहे क्लब में शामिल हुए सुदर्शनसुदर्शन टेस्ट की पहली पारी में शून्य पर आउट होने वाले 29वें भारतीय बल्लेबाज बन गए।

## मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल : सुंदर भाटी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व जेल विजिटर एवं भाजपा कार्यकर्ता सुंदर भाटी ने कहा कि मोदी सरकार के प्रति जनता का विश्वास जन सेवा के कार्यों को लेकर जहां जहां एक अलग ही उत्साह है। वहीं अभी हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की निरंतर मजबूत हो रही पकड़ को लेकर भी जनमानस में एक बहुत ही सकारात्मक छवि मोदी सरकार की बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल रहे हैं। इन 11 सालों में देश की जनता को चौंकाने वाले परिणाम देखने को मिले हैं। मोदी सरकार के इन 11 सालों में भारत का चौमुखी विकास हुआ है। पीएम आवास योजना के द्वारा गरीब लोगों के घर का सपना पूरा हुआ है। मोदी सरकार में गांव गरीब पिछड़े किसान व्यापारी सभी का ध्यान बखूबी रखा गया है। 2014 से पहले भ्रष्टाचार चरम पर था लेकिन 2014 के बाद इन 11 सालों में भारत भ्रष्टाचार मुक्त हुआ है। 2014 से पहले परिवारवाद की राजनीति थी लेकिन 2014 के बाद में परिवारवाद को समाप्त किया गया है आज भारत की जनता मोदी पर गर्व कर रही है।

# अवैध कालोनियों में न करें जमीन का क्रय-विक्रय : अतुल वत्स

## दुहाई और मटियाला के आस-पास की अवैध कालोनियों पर जीडीए की बड़ी कार्रवाई







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में 20 जून 2025 को प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में संजय चौधरी, अजय कुमार व संजीव चौधरी द्वारा खसरा सं.-468, दुहाई गाजियाबाद पर लगभग 5 बीघे में, मौ0 आबिद व मौ0 अतीक पुत्रगण शमशुद्दीन व इन्द्रपाल पुत्र स्व0 हरि सिंह आदि द्वारा जनहित इंस्टीट्यूट के सामने, मटियाला रोड, सदरपुर, गाजियाबाद पर लगभग 21 बीघे में, विजय चौधरी व गौरव सोलंकी द्वारा खसरा सं0-10, ग्राम-मटियाला, डासना, गाजियाबाद पर लगभग 9000 वर्गमी0 क्षेत्रफल में, अश्वनी चौधरी द्वारा खसरा संख्या-367 व 368, ग्राम मटियाला, गाजियाबाद में लगभग 12 बीघे में विकसित की जा रही कालोनी की सड़क, भूखण्ड की बाउण्ड्रीवाल को ध्वस्त किया गया।

ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गयी। इसके अतिरिक्त रोहित कुमार पुत्र रामवीर सिंह द्वारा आई-171, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद पर अनाधिकृत निर्माण किये जाने पर निर्माण को सील बन्द किया गया। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गयी कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय, विक्रय न करें। स्थल पर ध्वस्तीकरण/सील की कार्रवाई के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्तागण एवं समस्त सुपरवाईजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल, थाना-मधुबन बापूधाम पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

# औद्योगिक क्षेत्र बृज विहार नाले की पुलिया का निर्माण कार्य अधूरा : विनय चौधरी

## बारिश से पहले काम पूरा नहीं हुआ तो जलभराव की जिम्मेदारी किसकी









**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 68 के बृज विहार के पार्षद विनय चौधरी ने नगर आयुक्त व यूपी सीड़ा के अधिकारियों को को जलभराव की समस्या को लेकर पत्र के माध्यम से जानकारी दी है। पार्षद विनय चौधरी ने चेतावनी दी है कि अगर बारिश से पहले नाले की पुलिया के निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो जलभराव की स्थिति के लिए संबंधित अधिकारी यूपी सीडा विभाग जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल 25 में पुलिया के निर्माण कार्य शुरू हुआ लेकिन अभी तक पूरा पाइनिग का कार्य भी पूरा नही हूँ बरसात आने वाली है। 1045.421 लाख की कार्य योजना बनाई है। इससे बनने से वार्ड 68 की जल भराव की समस्या दूर हो जाएगी। पार्षद विनय चौधरी ने बताया कि पुलिया का निर्माण कार्य बरसात से पहले पूरा होना था। लेकिन अभी भी नही लगता कि बरसात से पहले यह काम हो जाएगा। अगर बारिश से पहले पुलिया का निर्माण और उनकी कनेक्टिविटी पूरी नहीं हुई तो बृज विहार में भयंकर जलभराव हो सकता है। पार्षद ने मांग की है कि जल्द से जल्द निर्माण, हो या पानी निकासी की कनेक्टिविटी ठीक से हो।

बिजली विभाग की लापरवाही के कारण नाले में होता है ओवरफ्लो बिजली विभाग द्वारा जो केबल डाले गए हैं। वह नाले के पानी से मिलकर डाले गए हैं जो आए दिन बैक होता है। यूपी सीड़ा के प्रोजेक्ट मैनेजर आरएस यादव ने बताया कि साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र बृज विहार पुलिया का कार्य समय से पूरा किया जाएगा। पाइल का कार्य चल रहा है, जिसमे 24 पाइल में से 18 पाइल का कार्य पूरा हो चुकी हैं। पूरी पाइल का कार्य होने पर नाले का पानी पूरा खोल दिया जाएगा। बरसात के दौरान भी कहीं भी जल भराव की समस्या नहीं आएगी पुलिया के निर्माण कार्य के दौरान वही नाले की सफाई भी कराई जा रही है। समय से पुलिया के निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

# त्यागी ब्राह्मण समाज की बैठक में मौजूद रहे जदयू के महासचिव केसी त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** त्यागी ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी बैठक गुरुवार को संगठन के मुख्य संरक्षक केसी त्यागी, पूर्व सांसद की अध्यक्षता में एवं अनिल त्यागी चेयरमैन, न्युबर्ग इंजीनियरिंग लि के मार्गदर्शन में गिरिराज त्यागी के निवास स्थान बुढेला दिल्ली पर संपन्न हुई। जिसमें समाज के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक त्यागी, उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी एड०, कोषाध्यक्ष मोहित त्यागी, महासचिव संदीप त्यागी एड०, विनोद त्यागी, इ० चंद्रकांत, हरि त्यागी, निरंजन सिंह त्यागी, संजय त्यागी, राजेश त्यागी एड, मनोज त्यागी, राहुल त्यागी, हिमांशु त्यागी, शिवकुमार त्यागी, आभा त्यागी,




अंजू त्यागी आदि उपस्थित रहे।

सर्वसम्मति से समाज के उत्थान हेतु शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार समिति, स्वास्थ्य सेवा समिति, विधिक सेवा समिति, योगा समिति आदि के सुचारू क्रियान्वन करने एवं तदानुसार शीघ्र ही समाज की सेवा बढ़ने का निर्णय लिया गया। अनिल त्यागी ने समाज ऑफ एक कार्यालय एवं एक कर्मचारी की पारितोषिक देने कि घोषणा की।

# विश्व योग दिवस पर निगम अधिकारी पांचों जोन में करेंगे योग : नगर आयुक्त

## नगर निगम के पार्कों से शहरवासियों को मिल रहा है स्वास्थ्य लाभ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम के पार्कों में प्रतिदिन शहर वासियों द्वारा योग किया जाता है तथा स्वच्छ हवा के साथ पार्कों की व्यवस्था का भरपूर लाभ लिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा पांचो जोन अंतर्गत योग दिवस पर पार्कों में विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं, पार्कों की सफाई से लेकर पार्कों में लाइट की व्यवस्था तथा पार्कों में बैठने की व्यवस्था को भी बेहतर करने के लिए कहा गया है, विभागीय अधिकारियों को मॉनिटरिंग बनाए रखने के लिए निर्देश दिए हैं।



21 जून विश्व योग दिवस पर समस्त निगम अधिकारी भी अपने जोन में योग अवश्य करेंगे जिसमें समस्त जोनल प्रभारी की ड्यूटी नगर आयुक्त द्वारा लगाई गई है। नियमित पार्कों में योग करने वालों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो मॉनिटरिंग बनाए रखने के लिए कहा गया है, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम के हरे-भरे और व्यवस्थित पार्क है जिसमें शहर निवासियों द्वारा प्रतिदिन योग किया जाता है।

# जनपथ में शुरू हुई पारंपरिक हथकरघा से बने योग उत्पादों की प्रदर्शनी

## स्पेशल हैंडलूम एक्सपो 20 से 27 जून 2025 तक चलेगा




**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** नेशनल डिजाइन सेंटर द्वारा विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित स्पेशल हैंडलूम एक्सपो की शुरूवात जनपथ स्थित हैंडलूम हाट में हो चुकी है। यह आयोजन 20 जून से 27 जून 2025 तक चलेगा। यह प्रदर्शनी विशेष रूप से योगा हैंडलूम उत्पादों को समर्पित है, जो हर दिन सुबह 11:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुली रहेगी। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस एक्सपो का उद्देश्य भारतीय हथकरघा परंपरा को योग जैसी वैश्विक जीवनशैली से जोड़ना है। इस प्रदर्शनी में देशभर से आए 20 प्रतिभागी अपने हस्तनिर्मित, पारंपरिक व पर्यावरण-अनुकूल योग उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे, जिनमें हथकरघा योगा मैट, सूती व खादी के आसन, ध्यान हेतु चादरें, प्रिंटेड कुर्ते और प्राकृतिक रंगों से तैयार वस्त्र जैसे उत्पाद प्रमुख आकर्षण का केंद्र हैं। यह पहल न केवल देश के शिल्पकारों और बुनकरों को मंच देने के लिए है, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर और टिकाऊ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करती है। यह एक्सपो एक ऐसा मंच है जहाँ भारतीय हस्तकला, योग और पर्यावरण संरक्षण झ तीनों का समावेश देखने को मिलता है। दर्शक यहाँ न केवल उत्पादों की खरीद कर सकते हैं, बल्कि बुनकरों से संवाद कर उनके कार्य की गहराई को भी समझ सकते हैं। वस्त्र मंत्रालय और नेशनल डिजाइन सेंटर का यह प्रयास भारतीय हथकरघा उद्योग को नया जीवन देने।

कारीगरों को प्रोत्साहित करने और भारत के पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो ह्यआत्मनिर्भर भारतह्व की परिकल्पना को साकार करने में भी सहायक सिद्ध हो रहा है।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल बास्केट बॉल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाला पहला विद्यालय बना

## सिंगापुर में आयोजित होगा अंतर्राष्ट्रीय स्कूल स्तरीय टूर्नामेंट एनबीए राइजिंग स्टार इनविटेशनल 2025





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाज़ियाबाद को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसका बास्केटबॉल दल 23 से 29 जून 2025 तक सिंगापुर में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्कूल स्तरीय टूर्नामेंट 'एनबीए राइजिंग स्टार इनविटेशनल 2025' में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। एशिया पैसिफिक क्षेत्र की चुनी गई 12 स्कूल टीमों में से नेहरू वर्ल्ड स्कूल भारत की एकमात्र प्रतिनिधि टीम है। यह उपलब्धि टीम की खेल प्रतिभा, समर्पण और उल्लेखनीय उपलब्धियों का परिणाम है।

नेहरू वर्ल्ड स्कूल की प्रमुख उपलब्धियां : एनडब्ल्यूएस टीम हाल ही में सीबीएसई राष्ट्रीय विजेता रही है। लगभग सभी खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गों में अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। तीन खिलाड़ियों को भारत कैम्प में आमंत्रित किया गया, जिनमें से दो खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ। उन्होंने दक्षिण एशिया बास्केटबॉल संघ चैंपियनशिप में मलेशिया में भाग लिया और स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। नेहरू वर्ल्ड स्कूल शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करता है और यह अवसर स्कूल की समग्र शिक्षा पद्धति का प्रमाण है। टीम एनडब्ल्यूएस को सिंगापुर में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

# महर्षि वाल्मीकि पार्क में किया गया बृहद पौधरोपण

## महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की प्रदीप चौहान के कार्यों की प्रशंसा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद महानगर के यशस्वी अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में महर्षि वाल्मीकि पार्क में बृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि के द्वारा किया गया था। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 11 वर्षों के शासन में उन मुद्दों पर काम किया है जो देश के विकास के लिए, देश के पर्यावरण के लिए, देश की एकता और अखंडता



के लिए, देश को वैभव की तरफ ले जाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं हमारा लक्ष्य है कि हम ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर कर अपने गाजियाबाद शहर को पर्यावरण की दृष्टि से एक नंबर पर लेंगे इस अवसर पर। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि पार्क में प्रत्येक वर्ष 25 वर्षों से पौधारोपण का कार्यक्रम



होता रहा है जिसके लिए मैं प्रदीप चौहान को बधाई देता हूं इस अवसर पर उन्होंने भगवान अग्रसेन महाराज का चित्र भी भाजपा नेता प्रदीप चौहान को भेंट किया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश पंडित, पार्षद राकेश त्यागी, पार्षद जय कृष्णपाल, पूर्व पार्षद लवली कौर, बीना गांधी, अनिल जिंदल, तरुण शर्मा, विनय गर्ग, सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष शक्ति जीनवाल, महानगर अध्यक्ष प्रवीण गहलोत, विपिन सिंह आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सर्वप्रथम भगवान वाल्मीकि के चित्र पर माला अर्पण करने के उपरांत पौधरोपण का आयोजन वाल्मीकि पार्क में संपन्न हुआ।

## ईरान केवल इजरायल नहीं अपितु संपूर्ण मानवता का शत्रु : महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। शिवशक्ति धाम डासना के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने विश्व के सभी गैर इस्लामिक राष्ट्रों के प्रमुखों को पत्र लिखकर उनसे इजरायल के पक्ष में खुल कर खड़ा होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा विश्व एक अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रहा है, जहाँ सत्य, स्वतंत्रता, और मानवता के मूल्य खतरे में हैं। इस संदर्भ में, इजराइल—एक स्वाभिमानी और साहसी राष्ट्र—विश्व मंच पर अकेला पड़ता प्रतीत हो रहा है। मैं आप सभी से अपील करता हूँ। कि इस कठिन समय में इजराइल के साथ एकजुट होकर मानव सभ्यता की रक्षा के लिए कदम उठाएँ। वैश्विक एकता की आवश्यकता : मानव इतिहास सिखाता है कि जब सत्य और स्वतंत्रता पर संकट आता है, तो केवल एकजुटता ही इसका जवाब हो सकती है। हम, विश्व के गैर-मुस्लिम देश, विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं, और विश्वासों का प्रतिनिधित्व करते हैं। हमारी विविधता हमारी ताकत है और यह विविधता हमें एक साझा उद्देश्य के लिए एकजुट होने से नहीं रोकती। इजराइल के समर्थन में एकजुट होना केवल एक भू-राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि यह मानवता, सहअस्तित्व, और शांति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा, ऑपरेशन सिंदूर और गरीब कल्याण योजनाओं से मोदी पर जनता का विश्वास बढ़ा: अश्विनी शर्मा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने और इन 11 सालों में देश के विकास और जनता की भलाई के लिए किये गये कामों का लेखा-जोखा जनता तक पहुंचाने को लेकर भाजपा गोविंदपुरम मंडल में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता अश्विनी शर्मा ने कार्यकर्ताओं से वार्ता की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, कृषि सुधार, महिला सशक्तिकरण, नेशन फर्स्ट, नेशनल सिक्योरिटी, समावेशी विकास आदि पर जोर देने के साथ ही युवाओं के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया अभियान शुरू किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की आत्मा यानी गरीबों को सबसे ऊपर रखा। बिजली, पानी, शौचालय आदि अब सिर्फ आंकड़े नहीं बल्कि हकीकत में पूरे देश में नजर आते




हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 11 सालों के कार्यकाल को बेमिसाल बताते हुए कहा कि किसान और नारी शक्ति , देश की सुरक्षा और विदेश नीति, ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद से देश के लोगों का विश्वास सरकार में मजबूत हुआ है। इस बैठक में सभी कार्यकताओं को संकल्प दिला कर 11 साल के सफर पर एक पत्रक भी बांटा गया। बैठक में गोविंदपुरम मंडल के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने सभी कार्यकताओं को पार्टी द्वारा की गई आशा के अनुरूप काम करने और इन योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आवाहन भी किया। बैठक में सेक्टर के सभी बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। जिसमें सविता त्यागी, आशीष शर्मा, सुनील पाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर कवि नगर में जनता चौपाल आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोदी जी के 11 वर्ष पूर्ण होने पर जन सेवा में चलाई जा रही योजनाओं को लेकर बूथ स्तर पर जनता चौपाल आयोजित की जा रही है। इसी कार्यक्रम के तहत कवि नगर सेक्टर एक और तीन के दोनों सैक्टर संयोजक ने सीनियर लोगों को आमंत्रित करके कवि नगर एफ ब्लॉक में अपने ऑफिस पर एक चौपाल आयोजित की जिसमें मुख्य वक्ता राहुल डैनी जी ब्लॉक प्रमुख का आना हुआ उसमें उन्होंने अपने विचार रखते हुए मोदी जी के 11 वर्ष में जो जो उपलब्धियां अब तक केंद्र सरकार ने की उन पर विस्तार से रोशनी डालते हुए अपने विचार रखें जिसमें मुख्य रूप से ऑपरेशन सिंदूर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की निरंतर मजबूत हो रही पकड़ के ऊपर भी जनमानस में एक बहुत ही सकर्मक छवि मोदी की बनी हुई है। इस कार्यक्रम में दोनों सेक्टर के भूत अध्यक्ष एवं ब्लॉक के निवासी भी उपस्थित हुए इस कार्यक्रम में रजापुर ब्लॉक के प्रमुख राहुल डैनी जी





उपस्थित क्षेत्र के लोगों को विकसित भारत के प्रति उनके योगदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हमारे कवि नगर के पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल द्वारा की गई।

कार्यक्रम के संयोजक चौधरी कुंवर पाल सिंह, सेक्टर संयोजक परमजीत सिंह पम्मी, जेपी अग्रवाल, कवि नगर मंडल के आईटी संयोजक सुनील चौधरी, अंकित अरोरा, मुकेश शाही, किशन मावी, अभय शर्मा, उमेश भाटिया, सरवन राठौर, पिंटू गुप्ता, भुवनेश चोपड़ा, सचिन मेहरा, सी मिश्रा, प्रदीप सिंघल, आशीष मेहरोत्रा, अशोक कुमार मित्तल, सोनिया भाटिया, अजय कालरा, अजय टंडन, अभय अग्रवाल, दीपक सैनी, महेंद्र सिंह, सुनील कुमार, विनय शर्मा, केके शुक्ला, पंकज बत्रा, अजय धोबी इत्यादि सभी साथी उपस्थित रहे।




# थानों में तलाशे जा रहे हैं भोले

पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम में इन दिनों भोले बाबा के सबसे बड़े आयोजन की तैयारियां जोरों पर शुरू हो चुकी हैं। पुलिस के अधिकारी सड़कों पर उतरकर कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। तो वहीं कैमरा से लेकर बैरिकेडिंग लगाने वाला काम भी शुरू कराया जा चुका है। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि शिव भक्तों की यात्रा के मार्ग में आने वाले सभी थानों से चार-चार भोले खोजे जा रहे हैं। इन पुलिस कर्मियों को शिव भक्तों की तरह वेशभूषा में रहना होगा। दाढ़ी नहीं बनानी है, तो भगवा रंग वाले गमछे और हवाई चप्पल का भी इस्तेमाल करना होगा। उनकी ड्यूटी पब्लिक के बीच में आम नागरिकों और शिव भक्तों की तरह रहकर सुरक्षा और तंत्र को मजबूत करने का काम करना है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों हर थाने से चार-चार ऐसे सिपाहियों का नाम मांगा जा रहा था, जिनको भोले के भेष में रखकर उनकी सुरक्षा व्यवस्था की कमान सौंपी जाएगी। उधर पुलिस वाले सूत्र इस बात की भी जानकारी दे रहे हैं कि इस बार



यातायात पुलिस वाले भी ज्यादा एक्टिव वाले मोड में रहेंगे। तो वहीं वह छोटे वाहनों से मार्ग पर मौजूद रहेंगे ताकि जाम व्यवस्था अधिक ना हो और लोगों को परेशानी भी न होने पाए। इन सबके बीच कांवड़ यात्रा की नोडल वाली मैडम भी पेपर वर्क से लेकर ग्राउंड वाला वर्क करने में लगी हुई हैं। तो जिस तरीके से डीआईजी साहब ने 42 डिग्री टेंपरेचर में पूरा रूट देखा था, वह भी तैयारी के बारे में जानकारी दे रहा है। कैलेंडर की तारीख बता रही है कि 10 तारीख से सावन वाला महीना शुरू होगा। तो 14 को पहला भोले बाबा का जलाभिषेक होगा। जलाभिषेक से पहले ही सभी थानों में कांवड़ वाली सभी व्यवस्था पूरी करनी है। तो वहीं अभी गंगाजल लाने का काम भी किया जाना शेष है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगभग 60 से अधिक ऐसे पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर उतारा जाएगा जो भोले बाबा के भक्तों की उन्हीं के भेष में रहकर सेवा और सुरक्षा करेंगे। सुनने में आ रहा है कि अधिकांश पुलिसकर्मी जो भोले का भेष धारण करेंगे। उनका नाम तय कर लिए गए हैं। बस अंतिम ट्रेनिंग और तैयारी किन को दी जाती है, यह देखना शेष है। बता दें कि हर साल होने वाली शिव भक्तों की विशेष यात्रा में संख्या बढ़ रही है। तो पुलिस को भी अपना बल अधिक बढ़ाना और लगाना पड़ रहा है ताकि पूरी यात्रा शांति, सुरक्षा और सद्भाव के साथ संपन्न हो सके। इसके लिए अभी अधिकारियों की दिल्ली पुलिस के आलाधिकारियों के साथ मीटिंग भी शेष है। तो वहीं कई और ड्रिल अभी सावन यात्रा महोत्सव शुरू होने से पहले की जाएंगी। फिलहाल आज लाइन में योग दिवस पर अलग ही नजारा प्रस्तुत किया जाएगा।

# 11 वर्षों में विश्वसनीय औद्योगिक हब बना भारत : अशोक कुमार गोयल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रवाद के पथ पर राष्ट्र हित में तीन तलाक , 370 समाप्ति ,काले धन एवं भ्रष्टाचार पर प्रभावी प्रहार के साथ, जन कल्याण कारी निर्णयों से देशवासियों में आशा और विश्वास का भाव जगा है। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों के घर में घुस कर हमारे स्वदेशी संसाधनों ब्रह्मोस , आकाश आदि की मारक क्षमता को दुनिया ने देखा और सराहा है। आतंकवाद, नक्सलवाद , घुसपैठियों पर अंकुश हेतु प्रहार जारी है । पीओके वापसी का गृह मंत्री एवं रक्षा मंत्री का संकल्प जल्द पूरा होगा। स्वदेशी उद्योग व्यापार , क्रय शक्ति,तकनीक, गुणवत्ता, पूंजी निवेश , बढ़ते निर्यात एवं राजस्व से हमारी अर्थ व्यवस्था निरंतर उत्कृष्टता की ओर बढ़ते हुए चौथे स्थान पर पहुंच चुकी है। शीर्ष की ओर अग्रसर है। योगी का उत्तर प्रदेश 8 वर्षों के सेवा सम्मान सुशासन के साथ सुरक्षा के वातावरण में विश्व एवं भारत के आकर्षण का केंद्र





बना है। माफिया मुक्त उत्तर प्रदेश में बुलडोजर संस्कृति, एनकाउंटर एवं ऑपरेशन लंगड़ा आदि से शांति के साथ सबके विकास की ओर बढ़ते प्रदेश में आम जन व्यापारी एवं मातृशक्ति सुरक्षित अनुभव कर रहे है।

नए भारत के 11 वर्षों पर देशवासियों को गर्व है। स्वदेशी का ही उपयोग के संकल्प के साथ हम सनातन संस्कृति युक्त मिशन 2047 विकसित भारत की ओर तेजी से बढ़ रहे है।

# 8वीं बटालियन रा.आ.मो. बल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ध्यान सत्र का किया आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्वाभ्यास पर, 8वीं बटालियन रा०आ०मो०बल , कमला नेहरु नगर गाजियाबाद में एक विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया , जिसमें मुख्य अतिथि गुरु मुनिश सिन्हा और गुरु माता रही उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत उप महानिरीक्षक श्री प्रवीन कुमार तिवारी और 8वीं बटालियन की एनडीआरएफ वाईव्स वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ० अनुपमा गौतम द्वारा किया गया। इस ध्यान सत्र में हाल ही में म्यांमार में राहत एवं बचाव कार्य मिशन मिशन ब्रह्मा से लौटे हुए बचावकर्ता और उनके परिवारों के साथ-साथ अन्य बचाव कर्मियों ने भी भाग लिया। गुरुजी ने इस ध्यान पहल के महत्व पर जोर दिया, जिसे पूर्व में भी बटालियन में विभिन्न रूपों में आयोजित किया गया है, जो कर्मियों को एक ऊर्जावान, स्वस्थ और तनाव-मुक्त जीवन जीने के विचार





को बढ़ावा देता है। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के विषय के अनुरूप, गुरुजी ने सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उप महानिरीक्षक श्री पी०के० तिवारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए सभी को ध्यान को अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे वे दैनिक जीवन में आए तनाव से मुक्ति पा सकें। उन्होंने कहा कि ध्यान के गहरे सागर में गोताखोरी करने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों में सुधार किया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में, तिवारी और नावा अध्यक्ष ने 8वीं बटालियन की ओर से मुख्य अतिथि गुरु मुनिश सिन्हा और गुरु माता एक प्रतीक चिन्ह भेंट कर, योग और ध्यान के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में उनके योगदान को सम्मानित किया।

# इजराइल में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास गिरी ईरानी मिसाइल

## 6 घायल, अमेरिका बोला- ईरान परमाणु बम बनाने के करीब





**जंग में हर दिन 6000 करोड़ खर्च कर रहा इजराइल**

**ईरान।** ईरान ने इजराइल के बीशेर्बा शहर पर शुक्रवार सुबह बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइल माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के नजदीक गिरी। इससे कई कारों में आग लग गई। आस-पास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। इसमें 6 लोग घायल हो गए हैं।

यह लगातार दूसरा दिन है, जब बीशेर्बा शहर पर मिसाइल हमला हुआ है। इससे पहले गुरुवार को भी ईरान ने बीशेर्बा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है। लेविट ने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। अब बस उन्हें अपने नेता के हां कहने भर की देर है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ईरान ऐसा करता है, तो इससे सिर्फ इजराइल नहीं, बल्कि अमेरिका और पूरी दुनिया की सुरक्षा को खतरा होगा।

7 दिन की लड़ाई में अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं, वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 657 हो चुका है और 2,037 लोग घायल हैं।

# रूस ने यूक्रेन पर दागीं मिसाइल, जेलेंस्की बोले युद्ध विराम के लिए पुतिन पर दबाव बनाया जाए



**कीव।** कीव में नौ मंजिला अपार्टमेंट पर हुए मिसाइल हमले में 23 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि वैश्विक ताकतों को युद्ध विराम के लिए रूस पर दबाव डाला जाए। यह हमला दुनिया को याद दिलाता है कि रूस युद्ध विराम को अस्वीकार करता है और हत्या का विकल्प चुनता है।

रूस-यूक्रेन के बीच जंग थम नहीं रही है। रूस ने यूक्रेन पर एक बार फिर मिसाइलें दागी हैं। कीव में नौ मंजिला अपार्टमेंट पर हुए मिसाइल हमले में 23 लोगों की मौत हो गई। हमले के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि वैश्विक ताकतों को युद्ध विराम के लिए रूस पर दबाव डाला जाए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर लिखा कि यह हमला दुनिया को याद दिलाता है कि रूस युद्ध विराम को अस्वीकार करता है और हत्या का विकल्प चुनता है। उन्होंने यूक्रेन के उन सहयोगियों को धन्यवाद दिया, जो रूस पर दबाव डालने के लिए तैयार हैं। कीव सेना के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मंगलवार सुबह कीव पर ड्रोन और मिसाइल हमला हुआ। इसमें शहर भर में 28 लोग मारे गए और 142 अन्य घायल हो गए। हमले के बाद जेलेंस्की राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख आंद्रेई यरमक और आंतरिक मंत्री इगोर क्लिमेंको के साथ सोलोमिंस्की जिले में हमले में क्षतिग्रस्त अपार्टमेंट पर पहुंचे और मिसाइल हमले में मारे गए 23 लोगों को श्रद्धांजलि दी।

### 440 ड्रोन और 32 मिसाइलें दागी

कीव हमले के जरिये रूस ने यूक्रेनी हवाई सुरक्षा को खत्म करने की कोशिश की। रूस ने 440 से अधिक ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं। हाल ही में में रूस ने शहरी रिहायशी इलाकों पर लंबी दूरी के हमले किए हैं। बुधवार को पुतिन ने इस बात से इनकार किया कि उनकी सेना ने ऐसे ठिकानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि हमले सैन्य प्रतिष्ठानों पर किए गए थे, रिहायशी इलाकों पर नहीं। पुतिन ने कहा कि वह जेलेंस्की के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। इस्तांबुल में पिछले दौर की वार्ता में कैदियों और शहीद सैनिकों के शवों की अदला-बदली हुई थी।

### कैदियों की अदला-बदली जारी

हमलों के बीच रूस-यूक्रेन के बीच कैदियों की अदला-बदली जारी है। गुरुवार को यूक्रेन के चेर्निहीव क्षेत्र में यूक्रेनी युद्धबंदियों को वापस भेजा गया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कैदी अदला-बदली के बाद बेलारूस के एक विनिमय क्षेत्र में रूसी सैनिकों का एक वीडियो जारी किया। इस पर यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर लिखा कि हम अपने लोगों को वापस लाने के लिए काम कर रहे हैं। इन आदान-प्रदानों को संभव बनाने में मदद करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। हमारा लक्ष्य हर एक को मुक्त कराना है।

### रूस युद्ध समाप्त नहीं करना चाहता

यूक्रेनी विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने गुरुवार को एक्स पर लिखा कि हमने युद्ध विराम के लिए अमेरिकी प्रस्ताव को बिना शर्त स्वीकार किया था। जबकि युद्ध समाप्त करने की इच्छा के रूसी दावे छल-कपट थे। सिबिहा ने लिखा कि ठीक 100 दिन हो गए हैं जब यूक्रेन ने बिना शर्त अमेरिका के शांति प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था। इसमें पूरी तरह से युद्ध विराम, हत्या पर रोक लगाने और वास्तविक शांति प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ने का प्रस्ताव था। 100 दिन बाद भी रूस यूक्रेन के खिलाफ आतंक को खत्म करने के बजाय उसे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन शांति के लिए प्रतिबद्ध है। दुर्भाग्य से रूस अमेरिकी प्रयासों की अनदेखी करते हुए युद्ध का विकल्प चुन रहा है।

# चीन में मूसलाधार बारिश से बाढ़ जैसे हालात, 30 हजार लोगों को बचाया

**चीन।** चीन में भारी बारिश ने बाढ़ का रूप ले लिया। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित दक्षिणी चीन का गुआंगडोंग प्रांत हुआ है। यहां सड़कें नहर में बदल गई हैं और पानी इमारतों की पहली मंजील तक पहुंच गया है। बचावकर्मियों ने यहां से हजारों लोगों को निकाला है। दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत में कई दिनों की भारी बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बचावकर्मियों ने हुआइजी काउंटी से लगभग 30,000 लोगों को निकाला। काउंटी की आधे से अधिक सड़कें जलमग्न हो गई। इसके साथ ही बिजली और इंटरनेट सेवाएं बाधित हो चूंकि हैं। हुआइजी काउंटी गुआंग्शी क्षेत्र की सीमा के पास है। यह गुआंगजौ से लगभग 140 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। यह एक प्रमुख औद्योगिक और बंदरगाह शहर है और प्रांतीय राजधानी भी है।

### बाढ़ के पानी में केवल ऊंची इमारतें और पेड़ ही नजह आ रहे

शुई जियांग नदी में भारी उफान के कारण शहरी इलाकों में सड़कों ने नहरों का रूप ले लिया है। हवाई फुटेज में देखा जा सकता है कि कीचड़ के रंग के पानी में केवल ऊंची इमारतें और हरे-भरे पेड़ों की चोटी ही नजर आ रही है। कई इलाकों में जलस्तर इतना अधिक बढ़ गया है कि पानी इमारतों की पहली मंजिल तक पहुंच गया है और कारों की सिर्फ छतें ही दिखाई दे रही हैं।

## अब तक पांच लोगों की मौत



### अलग- अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत

ट्रॉपिकल स्टॉर्म वुटिप के चलते क्षेत्र में भारी बारिश हुई, जिसके बाद इस सप्ताह की शुरूआत में मानसूनी वर्षा ने हालात और बिगाड़ दिए। इस तूफान के कारण ग्वांग्शी प्रांत में दो अलग-अलग स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हुईं, जिनमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई।

एक बचावकर्मी ने चीन के एक डेली समाचार पत्र में दिए साक्षात्कार में बताया कि उनकी टीम को एकअस्पताल से गंभीर रूप से बीमार मरीजों को निकालना था। टीम ने एक नवजात शिशु के साथ एक महिला को दूध पाउडर और पानी पहुंचाया था। इसके अलावा एक स्कूल में उपस्थित दर्जनों बच्चों और बुजुर्गों को भी आपूर्ति भेजी जा रही थी।

# पाक ने लिया अमेरिका से फायदा

## पूर्व अमेरिकी राजदूत खलीलजाद बोले जनरल मुनीर पर भरोसा नहीं



**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी दूत जालमे खलीलजाद ने पाक सेना और जनरल मुनीर पर निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ वर्षों तक दोहरा खेल खेला। उन्होंने आरोप लगाया कि पाक ने अफगानिस्तान में अमेरिकी मदद ली, लेकिन आतंकियों को भी पनाह दी जो अमेरिकी सैनिकों की हत्या कर रहे थे। पूर्व अमेरिकी दूत जालमे खलीलजाद ने कहा कि जनरल आसिम मुनीर पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि कैसे पाकिस्तानी सेना ने बार-बार अमेरिका के साथ दोहरा खेल खेला है। उसने अमेरिका की सहायता ली है और साथ ही अमेरिकियों की हत्या करने वालों को शरण भी दी है।

खलीलजाद ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप जानते हैं कि पाकिस्तानी सेना ने लंबे समय से हमारे साथ दोहरा खेल खेला है। अफगानिस्तान में हमारी वर्षों की सैन्य उपस्थिति के दौरान, पाकिस्तान ने हमारी सहायता ली और साथ ही उन लोगों को समर्थन और शरण प्रदान की जो हमारे लोगों को मार रहे थे।

### 9/11 आतंकी हमले का किया जिक्र

इसी तरह, 9/11 के बाद आतंकवाद के खिलाफ युद्ध के दौरान, पाकिस्तानी सेना ने चुनिंदा रूप से हमारी और अल-कायदा आतंकवादियों की मदद की। हमने बिन लादेन को कहां पाया? खलीलजाद ने लिखा कि पाक जनरल के पास संभवतः पांच एजेंडे होंगे इसमें भारत-पाक संबंध, सैन्य स्वामित्व वाली कंपनियों और व्यापार के माध्यम से पाकिस्तान के खनिजों में अमेरिकी निवेश, अफगानिस्तान में अमेरिकी हितों की सुरक्षा के लिए ट्रंप का ठेका लेना, चीन के साथ संचार का माध्यम बनना और अधिक वैधता शामिल है।

खलीलजाद ने कहा कि लोकप्रियता हासिल करने और अपने पद को बढ़ाने के बावजूद पाकिस्तान व्यापक समस्याओं से जूझ रहा है। इनमें बलूचिस्तान में उग्रवाद, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल और देश में आर्थिक संकट शामिल हैं।

# तुर्किये के राष्ट्रपति से मिलेंगे आर्मेनियाई पीएम सीमा खोलने पर बातचीत की संभावना



**इस्तांबुल।** तुर्किये और आर्मेनिया के बीच दशकों से टूटे रिश्तों को सुधारने की कोशिश के तहत प्रधानमंत्री निकोल पाशिन्यान और राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन के बीच शुक्रवार को मुलाकात होगी। इस बैठक में सीमा खोलने और क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत की उम्मीद है। ऐतिहासिक विवाद और अजरबैजान से जुड़े मसले अब तक दोनों के बीच बाधा बने रहे हैं।

आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिन्यान शुक्रवार को तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन से मुलाकात करने वाले हैं। यह मुलाकात दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य करने की कोशिशों का हिस्सा है, जो ऐतिहासिक विवादों और तुर्किये के अजरबैजान से करीबी संबंधों के कारण लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं। तुर्किये और आर्मेनिया के बीच अभी कोई औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं। इस बैठक में दोनों देशों की साझा सीमा को फिर से खोलने और इस्राइल-ईरान संघर्ष जैसे मुद्दों पर बातचीत होने की संभावना है।

### तुर्किये ने 1993 में बंद की थी आर्मेनिया के साथ सीमा

तुर्किये ने 1993 में आर्मेनिया के साथ अपनी सीमा बंद कर दी थी। यह कदम उसने अजरबैजान के समर्थन में उठाया था, जो उस समय नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र को लेकर अर्मेनिया के साथ संघर्ष में था।

### एर्दोआन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे आर्मेनियाई पीएम

यह अर्मेनिया के किसी प्रधानमंत्री की तुर्किये की एक दुर्लभ यात्रा है। 2021 में अंकारा और येरेवान (आर्मेनिया की राजधानी) ने संबंध सामान्य करने की दिशा में कदम बढ़ाने और बातचीत के लिए विशेष प्रतिनिधियों की नियुक्ति पर सहमति जताई थी। पाशिन्यान ने इससे पहले 2023 में तुर्किये की यात्रा की थी, जब वे एर्दोआन की राष्ट्रपति पद की जीत के बाद उनके शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। इससे पहले 2022 में प्राग (चेक गणराज्य) में एक बैठक के दौरान भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई थी।

### 2009 में सीमा खोलने को लेकर हुआ था समझौता

यह तुर्किये और अर्मेनिया के बीच संबंध सुधारने की दूसरी कोशिश है। 2009 में दोनों देशों ने औपचारिक संबंध स्थापित करने और सीमा खोलने को लेकर समझौता किया था, लेकिन अजरबैजान के विरोध के कारण यह समझौता कभी लागू नहीं हो पाया।

### दोनों देशों के बीच उस्मानी तुर्क साम्राज्य की घटनाओं पर विवाद

आर्मेनिया और तुर्किये के बीच एक और बड़ा विवाद 1915 में उस्मानी तुर्क साम्राज्य के दौर में हुई घटनाओं को लेकर है। माना जाता है कि उस समय करीब 15 लाख आर्मेनियाई लोगों की मौतें हत्या, जबरन निकाले जाने और कठिन यात्राओं के चलते हुई थीं। इतिहासकार इस घटना को 'जनसंहार' मानते हैं, लेकिन तुर्किये इस शब्द को सख्ती से खारिज करता है। तुर्किये मानता है कि उस दौर में कई लोग मरे जरूर थे, लेकिन मौतों का कारण गृह संघर्ष था और मृतकों की संख्या बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई है।

# कनाडा के सस्केचेवान प्रांत में चक्रवात की चेतावनी

## तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट



**कनाडा।** कनाडा के सस्केचेवान प्रांत के कई इलाकों में गुरुवार शाम चक्रवात की चेतावनी जारी की गई है। स्टॉटन, अकोला, ऑक्सबो जैसे शहरों में तेज हवाएं, भारी बारिश और ओलों की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने बताया कि अभी टॉरनेडो की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कुछ लोगों ने एस्टेवान और रेजिना के पास टॉरनेडो देखने की बात कही है। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने व्हाइट सिटी के पास टॉरनेडो को जमीन से टकराते देखा। अधिकारियों ने कहा है कि लोग खिड़कियों से दूर मजबूत कमरों में शरण लें। किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन सतर्कता जरूरी है। अमेरिका ने छात्र वीजा के लिए आवेदन प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी है, जिसे कुछ समय पहले निलंबित कर दिया गया था। अब इस प्रक्रिया में सोशल मीडिया की सख्त जांच भी जोड़ी गई है।

# डूम्सडे प्लेन की उड़ान ने बढ़ा दीं चिंताएं, अमेरिका के जंग में कूदने के आसार बढ़े



**वाशिंगटन।** बोइंग ई-4बी नाइटवॉच विमान परमाणु संघर्ष या किसी राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में एक मोबाइल कमांड पोस्ट के तौर पर कार्य करता है। इसलिए इस्त्राइल-ईरान जंग के बीच इसके उड़ान भरने को अमेरिका के भी इस लड़ाई में कूदने का स्पष्ट संकेत माना जा रहा है।

इस्त्राइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी डूम्सडे प्लेन यानी बोइंग ई-4बी की एक असामान्य उड़ान ने दुनिया के तमाम देशों की चिंताएं बढ़ा दी है। फ्लाइंग पेंटागन कहलाने वाले इस विमान पर परमाणु हमले का भी कोई असर नहीं होता है। यही नहीं, यह 35 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है। बोइंग ई-4बी नाइटवॉच विमान परमाणु संघर्ष या किसी राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में एक मोबाइल कमांड पोस्ट के तौर पर कार्य करता है। इसलिए इस्त्राइल-ईरान जंग के बीच इसके उड़ान भरने को अमेरिका के भी इस लड़ाई में कूदने का स्पष्ट संकेत माना जा रहा है। विमान ने मंगलवार शाम 6 बजे लुइसियाना के बॉसियर सिटी से उड़ान भरी और रात 10 बजे के बाद वाशिंगटन डीसी के पास उतरा। इसकी उड़ान के रास्ते को भी असामान्य माना जा रहा है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, उड़ान डाटा दशार्ता है।

### पहली बार ऑर्डर01 सीक्रेट कोड का इस्तेमाल

ई-4बी विमान अपनी परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने के लिए नियमित तौर पर उड़ान भरते हैं लेकिन पहली बार ऑर्डर01 कोड के इस्तेमाल और मौजूदा संकटपूर्ण समय के मद्देनजर माना जा रहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शायद युद्ध में शामिल होने की तैयारी कर ली है। यह उड़ान ऐसे समय पर हुई है जब ट्रंप ने ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने को कहा है और इस्राइल की सैन्य कार्रवाइयों को पूर्ण समर्थन का वादा किया है। चिंताएं इसलिए भी जाहिर की जा रही हैं क्योंकि अगर इस्राइल के साथ अमेरिका ने भी ईरान पर हमले शुरू किए तो यह जंग और भी ज्यादा भयावह रूप ले सकती है।

### 9/11 हमले के दौरान किया गया था इस्तेमाल

ई-4बी नाइटवॉच महत्वपूर्ण संकटों के दौरान सक्रिय रहा है। राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने 9/11 के दौरान इसी तरह के विमान का इस्तेमाल किया था, और 1995 में तूफान ओपल के दौरान फेमा (फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी) टीम को इसी विमान से पहुंचाया गया था। इस विमान के आकाश में नजर आने को किसी न किसी आसन्न संकट का संकेत माना जाता है।

# ईरान के समर्थन में उतरा हिजबुल्ला, कहा- हम इस्राइल और अमेरिका के खिलाफ लड़ाई में साथ



**बेरुत।** हिजबुल्ला नेता शेख नईम कासिम ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ईरान का विरोध परमाणु कार्यक्रम को लेकर नहीं किया जा रहा है, बल्कि इसलिए किया जा रहा है क्योंकि वह विश्वास, ज्ञान और स्वतंत्रता का समर्थन करता है। साथ ही पीड़ितों को लाभ पहुंचाता है। ईरान-इस्त्राइल तनाव के बीच हिजबुल्ला ने भी तेहरान के समर्थन का दावा किया है। हिजबुल्ला नेता शेख नईम कासिम ने कहा कि इस्त्राइल और अमेरिका के खिलाफ लड़ाई में हम ईरान के साथ हैं। ईरान का परमाणु कार्यक्रम शांति के लिए है। वह अपने लोगों की सेवा करना चाहता है। इससे किसी को भी नुकसान नहीं होगा। बल्कि यह ईरान और पश्चिम एशिया में बड़ा वैज्ञानिक योगदान होगा। नईम कासिम ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ईरान का विरोध परमाणु कार्यक्रम को लेकर नहीं किया जा रहा है, बल्कि इसलिए किया जा रहा है क्योंकि वह विश्वास, ज्ञान और स्वतंत्रता का समर्थन करता है। साथ ही पीड़ितों को लाभ पहुंचाता है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की धमकी को लेकर भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका पश्चिम एशिया को अराजकता, अस्थिरता की ओर ले जा रहा है। अमेरिका विश्व को बड़े संकट की ओर धकेल रहा है। इससे अमेरिका को केवल शर्म, अपमान और विफलता ही हासिल होगी। ईरान के लोगों को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। साथ ही क्षेत्र और विश्व के लोगों को भी ईरान के साथ खड़े होने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हम अपनी स्वतंत्रता, अपनी जमीन की मुक्ति, फैसलों और विकल्पों की स्वतंत्रता के साथ खड़े हैं।

तेहरान के साथ हिजबुल्ला के गठबंधन की पुष्टि करते हुए कासिम ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि हम सभी स्वतंत्र लोगों, उत्पीड़ितों, प्रतिरोध सेनानियों, विद्वानों और अच्छे विचारों वाले लोगों से आह्वान करते हैं कि वे अपनी आवाज बुलंद करें। खामेनेई नेतृत्व के साथ एकजुट होकर ताकत, साहस और समर्थन का प्रदर्शन करें।

### अमेरिका ने हिजबुल्ला को दी चेतावनी

इस बीच अमेरिका ने इस्राइल-ईरान संघर्ष में शामिल होने को लेकर हिजबुल्ला को कड़ी चेतावनी दी। अमेरिकी दूत थॉमस बैरक ने बेरूत में कहा कि हिजबुल्ला का युद्ध में शामिल होना बहुत, बहुत बुरा फैसला होगा।

### ट्रंप बोले- दो सप्ताह में लूंगा फैसला

व्हाइट हाउस ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले दो सप्ताह के भीतर यह निर्णय लेंगे कि ईरान पर हमला करना है या नहीं। उन्होंने कहा कि ट्रंप को अभी भी इस बात की पर्याप्त संभावना दिख रही है कि वार्ता के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और इस्राइल की मांगें पूरी हो सकती हैं। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि फिलहाल ईरान को अपने संवर्धन कार्यों तथा परमाणु हथियार बनाने की किसी भी अन्य संभावना को तत्काल बंद करने की राष्ट्रपति की चेतावनी की समयसीमा बढ़ा दी गई है।

### 13 जून से जारी है जंग

इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष 13 जून को शुरू हुआ था, जब इस्राइल ने ईरान के परमाणु और सैन्य स्थलों, शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। तब से जारी इस जंग में अब तक ईरान में 263 नागरिकों सहित कम से कम 639 लोग मारे गए हैं और 1,300 से अधिक घायल हुए हैं। वहीं, ईरान की जवाबी कार्रवाई में इस्राइल में कम से कम 24 लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए।

# महापौर ने शहर में ग्रीनलैंड को खूबसूरत बनाने के लिए अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

## यूपी गेट से वसुन्धरा लिंक रोड की ग्रीनलैंड पर होगा सौन्दर्यकरण : सुनीता दयाल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में ग्रीनलैंड को और अधिक सुंदर बनाने उनके सौन्दर्यकरण करने के लिए महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया जिसमें वरिष्ठ उद्यान प्रभारी एन के चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह, अवर अभियंता उद्यान राजेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

महापौर ने इस के साथ साथ यू पी गेट पर स्थित ग्रीन बेल्ट के सौंदर्यीकरण की डिजाइन तैयार करने के भी निर्देश दिए है जिससे दिल्ली से यू पी में आते समय कोई अंतर न दिखाई दे और शहर को खूबसूरत बनाया जा सके। इसके साथ साथ वैशाली रेपिड रेल के नीचे भी ग्रीनलैंड को खूबसूरत बनाने की योजनाएं तैयार की जाएगी और वह से वसुंधरा होते हुए साहिबाबाद रेपिड स्टेशन तक भी सौन्दर्यकरण का कार्य किया जाएगा। महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त दोनों मिलकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य कर रहे हैं जिसको लेकर महापौर ने भी ग्रीनलैंड पर सौंदर्यीकरण के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली है जिसको लेकर अधिकारियों को निर्देशित भी किया है और यह सौन्दर्यकरण दूर से ही दिखाई देगा व शहर में हरयाली बढ़ने के साथ साथ प्रदुषण का स्तर भी कम होगा जिससे शहरवासियों को भी राहत मिलेगी।

महापौर ने बताया कि हम यह योजना शहर के मुख्य रास्ते से सटी ग्रीनलैंड पर बना रहे है जिस कारण शहर की सड़कें भी सौन्दर्यकरण होने से सुंदर दिखाई पड़ेंगी।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारे सरदार एसपी सिंह जी रखते हैं सबकी खैर? मामला उनका ऐसा है, ना काहू से दोस्ती है और ना ही है काहू से बैर? सुना है, जब हुआ हिंडन एयरपोर्ट से प्रमुख शहरों के लिये उड़ान का ऐलान, तब यहां पर सिंह साहब ने पूर्व सांसद और मौजूदा सांसद का रखा बधाई देने में ध्यान? फेसबुक पर पोस्ट डालकर कराया जनता को एहसास? कि जो पौधा जनरली साहब ने लगाया था, उसको बहुत बढ़िया तरीके से सींच रहे हैं गर्ग भाई साहब? ये सुनकर आए किसी के शब्द बाहर? वो बोला– क्या ठीक होता है एक साथ दो नावों में होना सवार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के पार्षद पति के अंदाज हैं बहुत ही क्रांतिकारी? बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में खेल रहे हैं वो शानदार पारी? सुना है, वो अपने दिल की रखने के लिये बात गए थे मेयर साहब के पास? जैसे ही उन्होंने विषय रखना शुरू किया, मेयर बोलीं– खामोश हो जाएं आप? नेताजी को कराया उनके पति होने का एहसास? कहा– आपकी पत्नी पार्षद हैं, मैं उनसे करूंगी इस बारे में बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा मेंबर सोलंकी भैया इस वक्त हाउस टैक्स के विरोध में खेल रहे हैं शानदारी पारी? झकझोर रहे हैं वो ऐसे पार्षदों को भी, जो हाउस टैक्स के खिलाफ नहीं कर रहे हैं अपने पत्र जारी? हमें पता चला है नदिया पार के मेंबर चौधरी नहीं कर रहे थे लेटर के मेटर में सपोर्ट? सुना है, भगवा सोलंकी पहुंच गए तड़के ही उनके घर पर, कहा– ऐसे नहीं लगेगी ओके की रिपोर्ट? लेटर लिखवाकर ही लिया सोलंकी जी ने दम, चौधरी साहब ने चौधरी साहब के लिये झेला ये सितम? कहा– ठाकुर साहब जो तुम कर रहे हो उसे हंस–हंसकर सह रहे हैं हम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लग रहा है चिरंजीव आशीर्वाद प्राप्त मेंबर त्यागी जी के क्षेत्र में अधिकारियों ने करा दिये हैं कुछ ज्यादा ही काम? इसलिये हाउस टैक्स के मुद्दे पर वो ज्यादा नहीं दे रहे हैं ध्यान? हमने देखा, जब पार्षद पहुंचे थे विरोध की आवाज लेकर मेयर साहब के पास? तब त्यागी जी के इसमें सुनाई दे रहे थे अधिकारियों की फेवर वाले अल्फाज? हमने देखा, यहां पर उनके शब्द सुनकर मेयर ने अपना अंदाज दिखाया? जब हो रही थी अधिकारियों की तारीफ तब उन्होंने त्यागी जी को चुप कराया?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बजरंगी भैया रह ही नहीं सकते हैं जनहित के मुद्दों से दूर? भले ही वो हाउस टैक्स के मुद्दे पर लंबे समय से खामोश थे मगर, इस बार लेटर और मेटर के साथ उन्होंने नगर निगम में अपने दर्शन दिये भरपूर? पता चला है, जमकर उगली है डागर जी ने बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ आवाज? बोला है मौके पर कि हम इस मुद्दे पर हैं जनता के साथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के पार्षद कालीचरण पहलवान, रवि भाटी, यशपाल पहलवान और वाइफ ऑफ पप्पू पहलवान पर है इस वक्त सबकी नजर? कहने वाले कह रहे हैं कि इन्होंने कई बार मांगने के बावजूद जारी नहीं किये हैं हाउस टैक्स के विरोध में लेटर? कहने वाले ने कहा– उनके पार्षद साथी मान रहे हैं इस बात को काफी गंभीर मेटर? कह रहे हैं अब इन सबसे निगम के सदन में ही पूछा जाएगा सवाल? जब हम लड़ रहे थे जनहित की लड़ाई? तब ये क्यों बन रहे थे अधिकारियों की ढाल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर नगर निगम फिर से शुरू कर दे दुकानों के किराये बढ़ाने पर चर्चा? तब आप देखना कैसे दिखाई देंगे पार्षद शर्मा जी के तेवर? खुलकर लड़ेंगे वो इस मुद्दे पर लड़ाई? नहीं करेंगे अधिकारियों की फेयर? मगर, इससे बड़े हाउस टैक्स जैसे मुद्दे पर ना जाने क्यों है उनकी खामोश जुबान? जहां सभी पार्षद इस मुद्दे पर एक हैं, तब उनका यूं खामोश होना समझ नहीं आ रहा श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं बहुत ही अंदर की बात? नहीं मिलेगा एक त्यागी और एक ब्राह्मण चेहरे को उनकी उम्मीद की अनुसार पद? जो इस वक्त घूम रहे हैं भगवा योद्धा के साथ? स्टोरी में बहुत ही बारीकी से एंटर ले चुके हैं दो किरदार? ये दोनों चेहरे नहीं दे रहे हैं भगव योद्धा के साथ दीदार? मगर, इनके नाम पर हो गया है गंभीरता से विचार? इससे पहले हों दिल के टुकड़े, अभी से पंडित जी और त्यागी जी अपने दिल को संभाल लें यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी के खास एक मंडल अध्यक्ष अपने पद को कुर्बान करने के लिये भी हैं तैयार? वो कह रहे हैं कि विधायक जी से हमें इतना मान–सम्मान मिल रहा है, इसलिये हम छोड़ने को है अपना पद तैयार? जिस दिन मिलेगा हमें कहीं से इशारा, उस दिन हम कर देंगे अपने पद का उतारा? क्योंकि सबसे ज्यादा हमें लगता है हमारा विधायक हमको बहुत ही प्यारा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा सोलंकी भी इस वक्त हैं नगर निगम की कार्यवाही से बहुत ज्यादा नाराज? वो मेयर से कह रहे थे कि अधिकारी मेरी भी खिलाफत कर रहे हैं, जबसे मैं उठा रहा हूं हाउस टैक्स के खिलाफ आवाज? बंद कर दिया गया है मेरे मोहल्ले की लाइटों के रख–रखाव का काम? इंटेंशनली दिया जा रहा है इस मुहिम को अंजाम? भगवा सोलंकी ने कहा– कितना ही हो जाए अब मेरे मोहल्ले में अंधेरा? तब तक लड़ता रहूंगा मैं हाउस टैक्स की लड़ाई? जब तक नहीं खिलेगा उम्मीदों का सवेरा?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# कवि नगर में हुई 8 लाख 15 हजार की लूट का खुलासा
# मुनीम और जेल में साथ रहे गिरोह ने रची थी लूट की साजिश

## छह आरोपी गिरफ्तार, तीन मुठभेड़ के बाद 6 लाख 45000 रुपए बरामद

गाजियाबाद, करंट क्राइम : 16 जून को कवि नगर थानाक्षेत्र में आइसक्रीम गोदाम के मुनीम अमित कुमार से हुई 8 लाख 15 हजार रुपये की लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हैरानी की बात है कि इसमें मुनीम और स्टाफ का काम करने वाला अमित कुमार भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीन मुठभेड़ के बाद कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 6 लाख 45 हजार रुपए बरामद करने के साथ ही नाजायज असलहे और लूट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और स्कूटी जप्त की है।

डीसीपी सिटी जोन आईपीएस अधिकारी धवल जयसवाल और एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा की जानकारी दी है की लूट की इस वारदात का खुलासा करने में क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम के साथ ही डीसीपी सिटी जोन और कवि नगर थाने की क्राइम टीम ने लंबी सीसीटीवी फुटेज और बदमाशों की चेन जोड़ने के बाद घटना का खुलासा किया है। बताया जा रहा है की लूट की इस वारदात में मुनीम अमित से लेकर जेल में बंद रहा बदमाश सूरज यादव उसका सहयोगी नितिन कुमार, मनीष, अंकुश उर्फ काले और बृजेश नाम के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



### सीपी ने घोषित किया खुलासा करने वाली टीम को 25000 का इनाम



**करंट क्राइम :** डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने जानकारी दी है कि कवि नगर में हुई सरेराह लूट की घटना के मामले का खुलासा करने के मामले में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा घटना का खुलासा करने वाली टीम में स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच गाजियाबाद , टीम नगर जोन डीसीपी, थाना कवि नगर पुलिस और थाना मधुबन बापूधाम टीम को 25000 रुपए का नगद पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई है।

### पुलिस ने तीन मुठभेड़ के बाद किया पांचो आरोपियों को गिरफ्तार



**करंट क्राइम :** एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा ने जानकारी दी है कि पुलिस बदमाशों को सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रेस कर रही थी। बदमाशों के बारे में जब सटीक जानकारी मिली तो पुलिस टीम ने उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाशों ने गोली चलाई तो पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाशों को गोली मारते हुए गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस में मुख्य आरोपी सूरज यादव, नितिन कुमार, मनीष, अंकुश उर्फ काले और बृजेश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है जबकि अमित को पुलिस ने इस मामले में मुखबीरी करने और आरोपियों की मदद में गिरफ्तार किया है।

### सूरज ने बनाया था लूट का पूरा प्लान और घटना से एक दिन पहले हुई थी फुल रहर्सल



**करंट क्राइम :** इस पूरी लूट की घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी और क्राइम ब्रांच के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने जानकारी दी है कि इस पूरे मामले में मुख्य आरोपी सूरज यादव है। सूरज यादव कोतवाली घंटाघर से हत्या के प्रयास और छेड़खानी के मामले में जेल जा चुका है। उसकी जेल में ही मनीष से दोस्ती हुई थी। साथ ही नितिन भी उनका सहयोगी था। पुलिस ने जानकारी दी है कि लूट की वारदात में अमित ने कैश ले जाने का इनपुट दिया था। अमित ने बताया था कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में कैश जाता है लेकिन सोमवार को अधिक काश होता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए तीन महीने से प्लानिंग चल रही थी। तो घटना वाले दिन से दो दिन पहले शनिवार को एक मीटिंग रखी गई थी। वहीं रविवार को जिस रूट से अमित जाता था, उसका पूरा निरीक्षण किया गया था और लूट की वारदात को अंजाम देने की प्लानिंग हुई थी।

### सूरज को लड़ना था केसे, इसीलिए करना था कैश का अरेंजमेंट

**करंट क्राइम :** पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि सूरज के ऊपर जो केस था, उसे लड़ने के लिए उसे कैश की आवश्यकता थी। उसने अपने साथी मनीष से जानकारी की, तो मनीष ने बताया कि उसका चाचा का लड़का अमित एक फैक्ट्री में कैश लाने ले जाने का काम करता है। उसको टारगेट किया जा सकता है। इसके लिए अमित को रकम देने की भी बात तय की गई थी। बताया जा रहा है कि इस पूरी घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश और अमित नाहल इलाके में नहर के पास गए थे। जहां सभी के बीच पैसों का बंटवारा हुआ। उधर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अमित जब अपने गोदाम से निकला था तो वह कैश में से 115000 अपने घर रख कर आया था और वहीं से स्कूटी लेकर आया था। जिस बात का पुलिस को शुरू में ही शक हुआ था।

# मोदी सरकार के 11 सालों में हुआ देश का भरपूर विकास : अवतार भाटी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भाजपा गाजियाबाद अवतार भाटी ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने और इन सालों में देश के विकास और जनता की भलाई के लिए किए गए काम बेमिसाल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण कृषि सुधार महिला सशक्तिकरण नेशन फर्स्ट नेशन सिक्योरिटी समावेशी विकास आदि पर जोर देने के साथ ही युवाओं के लिए डिजिटल इंडिया स्टार्टअप इंडिया अभियान शुरू किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की आत्मा यानी गरीबों को सबसे ऊपर रखा है। बिजली पानी शौचालय आदि अब सिर्फ आंकड़े नहीं बल्कि हकीकत में पूरे देश में नजर आते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 11 सालों के कार्यकाल को बेमिसाल बताते हुए कहा कि किसान और नारी शक्ति देश की सुरक्षा और विदेश नीति ऑपरेशन सिंधु और राष्ट्रीय सुरक्षा आतंकवाद से देश के लोगों का विश्वास सरकार में मजबूत हुआ है ऐसा केवल मोदी सरकार में ही संभव हो सका है देश की जनता मोदी के कार्यों की सराहना कर रही है।

# ट्रांस हिंडन जोन : 42 स्थानों पर चला विशेष चेकिंग अभियान, 1993 वाहन चालकों के हुए चालान

## पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश के बाद नियम तोड़ने वाले 3988 वाहनों की हुई चेकिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा दो पहिया वाहन चालकों द्वारा बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट, गलत दिशा में वाहन चलाना और स्टंट आदि करने, नियम तोड़ने वालों के खिलाफ शुक्रवार को ट्रांस हिंडन जोन में बड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 42 स्थानों पर चेकिंग की गई। जिसमें 3988 लोगों को चेक किया गया और वाहन चालकों की लापरवाही मिलने पर 1993 लोगों के चालान काटे गए हैं।




### इंदिरापुरम सर्किल में किए गए 1129 चालान

**करंट क्राइम :** सड़क पर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सिविल पुलिस ने अभियान चलाया तो इसमें भी ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। जिसमें इंदिरापुरम सर्किल के अंतर्गत आने वाले थाना इंदिरापुरम में 314, खोड़ा में 501 और कौशांबी में 301 वाहन चालकों के चालान किए गए, यानी इंदिरापुरम सर्किल में कुल मिलाकर 1129 लोगों के नियम तोड़ने पर चालान किए गए हैं। तो वहीं साहिबाबाद में 403, लिंक रोड में 95, शालीमार गार्डन में 205 और टीलामोड़ में 161 वाहन चालकों के विरुद्ध नियम तोड़ने की कार्रवाई की गई है।



ट्रांस हिंडन जोन में एक दिन में 42 स्थानों पर 3988 लोगों को चेकिंग में जांचा गया। जिसमें से 1993 लोगों ने नियम तोड़े, तो उनके चालान काटे गए हैं।

निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी ट्रांस हिंडन

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा 360 शक्ति केंद्रों पर करेगी भव्य आयोजन

## योग भारतीय संस्कृति की अनुपम देन : मयंक गोयल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2025) के सफल आयोजन हेतु भाजपा महानगर कार्यालय, नेहरू नगर पर एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक के आयोजित की गई। बैठक में महानगर के सभी मंडलों के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रमुखों एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि महानगर के सभी 360 शक्ति केंद्रों पर योग दिवस को भव्य और अनुशासित रूप से योग संस्थाओं, प्रशिक्षित योग साधकों और रोवर्स स्काउट्स के सहयोग से आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाजपा कार्यकताओं, वरिष्ठ नेताओं, समाजसेवियों और नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की



जाएगी। बैठक में महानगर के पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, और अन्य सभी प्रकोष्ठों के प्रमुख उपस्थित रहे। सभी ने अपनी शक्ति केंद्रों की तैयारियों की रूपरेखा साझा की और एक स्वर में योग दिवस को जनभागीदारी के साथ भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया।

### 'करें योग, रहें निरोग : राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए निरंतर योग करें'


**करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, योग केवल व्यायाम नहीं, भारत की आत्मा का जागरण है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत की गौरवशाली परंपरा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक नेतृत्व की प्रतीक है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि गाज़ियाबाद का प्रत्येक शक्ति केंद्र योग से जुड़कर निरोग भारत की संकल्पना को साकार करे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनसंपर्क एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ें, ताकि योग को जन–जन तक पहुँचाया जा सके।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आस्था और श्रद्धा के साथ श्रद्धालु इन दिनो बद्रीनाथ धाम जा रहे हैं। रजनीश पंडित बद्रीनाथ धाम पहुंचे हैं उन्होंने पूजन–अर्चना किया। अपनी आस्था और श्रद्धा को रजनीश पंडित ने अपनी फेसबुक पोस्ट पर भी साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।